
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



समारा ने चुलबुले अंदाज....

सुमन के किरदार से राख में लगाए चार चांद

वर्ष : 12 अंक : 174 लखनऊ, 18 जून, गुरूवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### शराब पार्टी में गोली लगने से युवक की मौत



जमशेदपुर। मानगो के ओलिडीह थाना क्षेत्र स्थित खड़िया बस्ती मंगलवार देर रात गोलीबारी की घटना में गंभीर रूप से घायल राजनगर निवासी 30 वर्षीय देवदास गौड़ की मौत हो गई। उसे गर्दन में गोली लगी थी। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सरायकेला-खरसावां जिले के आरआईटी थाना में पदस्थापित एएसआई पंकज कुमार समेत देवाशीष पोद्दार और नीरज प्रधान को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### महिला ने पड़ोसन को मारा चाकू- मौत



बस्ती। थाना क्षेत्र के बभनी मिश्रा गांव के महुआ बैरियहवा टोला में बच्चों को काला कहने को लेकर हुए विवाद में एक महिला ने दूसरी महिला को चाकू मार दिया। घायल अवस्था में महिला को संतकबीरनगर जनपद स्थित सेमरियावा के सीएचसी पर ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया तथा विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। माजिदा (50) पत्नी मोहम्मद अयूब और एक महिला का घर अगल-बगल है। मंगलवार की देर शाम बगल की महिला अपने बच्चों को काला शब्द को प्रयोग करते हुए बुलाया।

### लाइसेंसी पिस्टल से चली गोली, एक की मौत



गाजीपुर। गाजीपुर जिले के सादात निवासी विजय बरनवाल की 13 वर्षीय पुत्री गोपी अपने फूफा सुशील बरनवाल के घर दो दिन पहले आई थी। मंगलवार रात करीब 10 से 11 बजे के बीच घर के एक कमरे में अचानक गोली चल गई। गोली गोपी के सिर में लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एक कारोबारी के घर मंगलवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में चली गोली ने 13 वर्षीय किशोरी की जिंदगी छीन ली। कि गोली कारोबारी की लाइसेंसी पिस्टल से चली थी। घटना ने हथियारों के रख-रखाव और सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## महापौर ने नगर आयुक्त संग कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर लिया तैयारियों का जायजा

# मुख्यमंत्री योगी का अयोध्या आगमन 19 को, वैक्स म्यूजियम और जोनल कार्यालय का करेंगे लोकार्पण

**खास बातें**

- वैक्स म्यूजियम अयोध्या आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं का नया आकर्षण बनेगा
- म्यूजियम में रामायण के प्रमुख 25 से अधिक पात्रों की जीवंत मोम प्रतिमाएं लगाई गई हैं

अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ,

अयोध्या नगर निगम के तत्वाधान में निर्मित बहुप्रतीक्षित रामायण वैक्स म्यूजियम और अयोध्या धाम का नया जोनल कार्यालय बनकर पूरी तरह तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 19 जून को दोनों परियोजनाओं का लोकार्पण कर इन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री वैक्स म्यूजियम परिसर में आयोजित समारोह को भी संबोधित करेंगे। लगभग 10 करोड़ रुपए की



लागत से निर्मित वैक्स म्यूजियम अयोध्या आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं का नया आकर्षण बनेगा। म्यूजियम में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान जी, ऋषि वशिष्ठ, रावण, मेघनाथ और जटायु समेत रामायण के प्रमुख 25 से अधिक पात्रों की जीवंत मोम प्रतिमाएं लगाई गई हैं। लोकार्पण के बाद म्यूजियम पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। टिकट और समय-सारिणी की घोषणा 19 जून को उद्घाटन के बाद की जाएगी। यहीं से मुख्यमंत्री मोहबरा बाजार में 10.19 करोड़ रुपये की लागत से बने नए जोनल कार्यालय का भी लोकार्पण करेंगे। इस नए कार्यालय के शुरू होने से अयोध्या धाम क्षेत्र के नागरिकों को नगर निगम से जुड़ी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

### महापौर ने हेलीपैड स्थल का जायजा लिया

*बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी और नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री के संभावित दौरे से जुड़े सभी स्थलों का निरीक्षण किया। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडे ने बताया कि महापौर ने राम कथा पार्क के निकट स्थित हेलीपैड स्थल का जायजा लिया और घास की सफाई व खुले केबल को अंडरग्राउंड करने के निर्देश दिए। इसके बाद अधिकारियों ने ऋषिदेव जैन मंदिर और मनीरामदास की छावनी का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। महापौर ने दोनों भवनों को विशेष रूप से सजाने-संवारने के निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त ने कार्यक्रम स्थलों पर पेयजल, सफाई, चूना-ब्लीचिंग का छिड़काव, एंटी लार्वा दवा के छिड़काव और फॉगिंग के व्यापक इंतजाम करने को कहा। डस्ट नियंत्रण के लिए पानी का छिड़काव भी कराने के निर्देश दिए।*

## शत-प्रतिशत उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण बनाने के निर्देश

# बालिका शिक्षा को नई उड़ान दे रही योगी सरकार, केजीबीवी में सुरक्षा से स्मार्ट शिक्षा तक 18 सूत्रीय एक्शन प्लान

**खास बातें**

- छात्राओं की सुरक्षा, शिक्षा, पोषण और सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर
- खाद्यान्न, वेतन, छात्रवृति, फर्नीचर और डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता होगी सुनिश्चित
- छात्रावास, कंप्यूटर लैब और खेल गतिविधियों के विस्तार को मिलेगी गति

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / लखनऊ,

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यू पी सरकार बालिका शिक्षा को सशक्त बनाने और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है।

इसी क्रम में विभागीय समीक्षा बैठक में छात्राओं की सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डिजिटल अधिगम, छात्रावास संचालन, खेल गतिविधियों, छात्रवृत्ति भुगतान तथा आधारभूत सुविधाओं से जुड़े 18 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। योगी सरकार का लक्ष्य प्रत्येक बालिका को







सुरक्षित, सुविधायुक्त और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है।योगी सरकार बालिका शिक्षा को केवल विद्यालयी पढ़ाई तक सीमित नहीं रख रही।

उसे सुरक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल साक्षरता, खेल, छात्रावास सुविधाओं और जीवन कौशल से जोड़ते हुए समग्र विकास का माध्यम बना रही है। सुरक्षा से शिक्षा, छात्रवृत्ति से स्मार्ट लर्निंग और छात्रावास से खेल सुविधाओं तक दिए गए निर्देश स्पष्ट करते हैं कि योगी सरकार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को बालिका सशक्तीकरण के सशक्त केंद्रों के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल प्रदेश की हजारों बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित वातावरण और आत्मनिर्भर भविष्य की नई संभावनाओं से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### गृहकार्य उपलब्ध कराने पर दिया जोर

सुरक्षा, सुविधा और पोषण पर विशेष फोकसभीषण गर्मी को देखते हुए सभी विद्यालयों में कूलर, पंखे, एग्जॉस्ट फैन और जनरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही एक सप्ताह के भीतर खाद्यान्न आपूर्ति से संबंधित प्रक्रियाएं पूरी कर विद्यालयों में आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने को कहा गया है। बालिकाओं एवं स्टाफ की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा छात्राओं को ग्रीष्मकालीन गृहकार्य उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया है।



प्रदेश के खाद्य, रसद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय एवं एन यू जे आई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी, राज्य मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी, राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा डॉ.बबीता सिंह चौहान व बृज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट

## भव्य समारोह की तैयारियां पूर्ण

# ब्रज प्रेस क्लब द्वारा विशाल गोष्ठी 19 को कैबिनेट मंत्री मनोज पांडेय होंगे शामिल

अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,

ब्रज प्रेस क्लब द्वारा बृजवासी रॉयल के सभागार में एक विशाल पत्रकार गोष्ठी का आयोजन 19 जून को 10 बजे से आयोजित किया जा रहा है। समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

मथुरा, बृज प्रेस क्लब द्वारा को हिंदी पत्रकारिता पर मथुरा शहर के बृजवासी रॉयल होटल के सभागार में एक विशाल संगोष्ठी का आयोजन किया गया है जिसमें भाग लेने के लिए प्रदेश के खाद्य, रसद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय एवं एन यू जे आई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी एवं राज्य मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी, राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा डा.बबीता सिंह चौहान एवं देश के वरिष्ठ पत्रकार एवं एवं अन्य जनप्रतिनिधि इस समारोह में भाग लेंगे। एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बृज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया ब्रज प्रेस क्लब द्वारा आयोजित इस भव्य समारोह की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

ब्रज क्षेत्र के सभी इलेक्ट्रॉनिक प्रिंट मीडिया एवं सोशल मीडिया यूट्यूब से जुड़े सभी समाज चिंतकों पत्रकारों से समय से कार्यक्रम में भाग लेकर अपना स्थान सुरक्षित करने का आहवान किया है। उन्होंने बताया कि समाज हित में अच्छा कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी एवं पत्रकारों को सम्मानित भी किया जाएगा।

# ड्यूटी के दौरान रील बनाना पूर्ण अनुशासनहीनता: मुख्यमंत्री

अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ,

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन रोजगार के तहत उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित 930 कंप्यूटर ऑपरेटरों ग्रेड-ए को बुधवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं और पारदर्शी भर्ती को ससमय पूरा करने के लिए भर्ती बोर्ड को धन्यवाद दिया । सीएम ने कहा कि आप सभी प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत' विजन को बढ़ाने के सारथी हैं। इसके लिए आत्म अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है और आप इसे बनाए रखेंगे। ड्यूटी के प्रति सजगता और हर कार्य में गंभीरता होनी चाहिए। ड्यूटी के दौरान रील बनाना अनुशासनहीनता है। ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए, जिससे हंसी का पात्र बनना पड़े। सीएम ने विश्वास जताया कि सभी नवचयनित अभ्यर्थी यूपी पुलिस की आधुनिक तकनीक एवं सुरक्षा मानकों आदि की जानकारी के साथ टीम भावना, पारदर्शिता, निष्पक्षता के साथ अच्छा परफॉरमेंस देंगे।









### यूपी पुलिस ने देश में बनाई नई पहचान

सीएम ने कहा कि यूपी पुलिस ने जनसेवा को केंद्र में रखा तो देश में निखर गई। अब कोई यूपी पुलिस पर अंगुली नहीं उठाता। कालचक्र की परवाह किए बिना व्यक्ति अनिर्णय का शिकार होता है और अंततः बिखर जाता है। यूपी पुलिस की नई पहचान सिर्फ संख्या बल के आधार पर नहीं है। पीएम मोदी की अपेक्षा पर सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यूपी पुलिस ने 9 साल में जिस त्वरित गति से काम किया, वह मॉडल पुलिसिंग का उदाहरण बना है। नवचयनित कार्मिकों की स्मार्ट पुलिस व डिजिटल वॉरियर्स के रूप में बड़ी भूमिका होने जा रही है।

**अभिभावकों से पूछिएगा- 2017 के पहले कैसा था यूपीः**

सीएम ने नवचयनित अभ्यर्थियों से 2017 के पहले के यूपी की चर्चा की और कहा कि उस समय आप सभी माता-पिता पर आश्रित रहे होंगे।

## झारखंड राज्यसभा चुनाव

# कांग्रेस ने 16 वोटों की गिनती के लिए 6 सीनियर नेताओं की लगाई ड्यूटी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की ओर से सर्वाधिक सावधानी बरती जा रही है। चुनाव में कांग्रेस के 16 विधायकों को मतदान करना है और इनके वोट सही उम्मीदवार को मिले और इन मतों की गिनती के लिए कांग्रेस ने छह सीनियर नेताओं को लगा दिया है। एक दिन पहले तक इनकी संख्या पांच थी। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के



राजू और सह प्रभारी सिरीबेला प्रसाद कांग्रेस पार्टी के पोलिंग एजेंट मनोनीत किए गए हैं तो पार्टी ने सांसद नासिर हुसैन और मंत्री राधा कृष्ण किशोर को कांग्रेस उम्मीदवार का काउंटिंग एजेंट बनाया है।

## आलू-प्याज के निर्यात की पोंजी स्कीम, 400 करोड़ जुटाकर लगाई चपत

# ईडी ने की छापेमारी, डिजिटल डिवाइस दस्तावेज और कई लग्जरी कारें बरामद

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

ईडी ने चेन्नई, इरोड, कोयंबटूर और कृष्णागिरि जिलों में 8 व्यावसायिक व रिहायशी ठिकानों पर प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट, 2002 की धारा 17 (1) के तहत रेड की है। इस मामले में तमिलनाडु पुलिस और कर्नाटक पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। इसी आधार पर ईडी ने उक्त केस की जांच शुरू की थी। जांच से पता चला कि आरोपियों ने यूनिक एक्सपोर्ट्स के नाम से एक पोंजी स्कीम शुरू की थी।

### 200 फीसदी से अधिक रिटर्न का वादा किया





इस स्कीम में प्याज, आलू और दूसरी कृषि उपज के एक्सपोर्ट के कारोबार में निवेश के नाम पर सैकड़ों निवेशकों को धोखा दिया गया। निवेशकों को कम समय में 200 फीसदी से ज्यादा रिटर्न का वादा किया गया था। आरोपियों ने धोखाधड़ी करके लगभग 400 करोड़ रुपये जुटाए गए।

**रकम से खरीदीं संपत्तियां**

अपराध से मिली रकम को अचल संपत्ति, फिक्स्ड डिपॉजिट, विदेशी लेन-देन और सहयोगियों व संबंधित कंपनियों को ट्रांसफर करने में खपा दिया गया। ईडी ने लैपटॉप, पेन ड्राइव और मोबाइल फोन जैसे डिजिटल डिवाइस और करोड़ों की लग्जरी कारें बरामद की हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अपराधियों को जेल में रखना समाज हित में

# साइबर अपराधी 'परजीवी', भोलेभाले निवेशकों से करते ठगी

## अलग-अलग दर्ज मामलों को एक साथ जोड़ने की याचिका खारिज की

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि साइबर अपराधी 'परजीवी' होते हैं जो भोलेभाले निवेशकों से ठगी करते हैं और ऐसे अपराधियों के साथ सख्ती बरतने की जरूरत है। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने एक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई के दौरान ये टिप्पणियां कीं। उक्त व्यक्ति ने अलग-अलग राज्यों में अपने खिलाफ दर्ज कुछ प्राथमिकी को एक साथ जोड़ने का अनुरोध किया था। सीजेआई ने कहा कि आप लोग (साइबर अपराधी) परजीवी हैं। आप भोलेभाले निवेशकों से पैसे लेते हैं और उनके साथ ठगी करते हैं। साइबर अपराधियों के खिलाफ हमें बहुत सख्ती बरतनी होगी।



### साइबर अपराधों के पीड़ित देशभर में

सीजेआई ने कहा कि ऐसे अपराधों के पीड़ित हमेशा देशभर से होते हैं। उन्होंने कहा कि आप तमिलनाडु में किसी के साथ ठगी करते हैं, फिर जम्मू-कश्मीर और उसके बाद पूर्वोत्तर चले जाते हैं। साइबर अपराधियों को जेल में रखना समाज के हित में होगा। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता के खिलाफ अलग-अलग राज्यों में दर्ज कुछ प्राथमिकी को एक साथ जोड़ने की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

**नीट-यूजी पर जुलाई में होगी सुनवाई**

नीट-यूजी 2026 की परीक्षा दोबारा कराने के फैसले को रद्द करने संबंधी याचिका पर सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी मोहना की पीठ के समक्ष बुधवार को सुनवाई हुई। सीजेआई ने कहा कि इस याचिका पर जुलाई में न्यायमूर्ति नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली पीठ सुनवाई करेगी।

### संसद करेगी आयकर छूट में 'क्रीमी लेयर' लागू

सुप्रीम कोर्ट ने उस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। जिसमें पूर्वोत्तर भारत में रहने वाली अनुसूचित जनजातियों को दी जाने वाली आयकर छूट में 'क्रीमी लेयर' का सिद्धांत लागू करने की मांग की गई थी। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने कहा कि इस पर फैसला करने का काम संसद का है।

## प्रहलाद जोशी से मिला उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल



**एचयूआईडी संशोधनों पर हुई सार्थक चर्चा**

अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली/लखनऊ।** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी से बुधवार को उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन और भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने अत्यंत सार्थक और सकारात्मक माहौल में मुलाकात की। यह महत्वपूर्ण बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के विशेष आग्रह पर, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की अगुवाई और उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन के तत्वावधान में संपन्न हुई। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष स्वर्ण आभूषणों में 'हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन' (एचयूआईडी) की पूरी सप्लाई चेन में हस्तांतरणीयता से जुड़ी व्यावहारिक जटिलताओं और छोटे व्यवसायियों को आने वाली समस्याओं को प्रमुखता से रखा।

प्रतिनिधिमंडल की चिंताओं और तर्कों को बेहद गंभीरता से सुनने के बाद केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने सराफा व्यवसायियों को बड़ी राहत देते हुए आश्वस्त किया कि वर्तमान में यह संशोधन अनिवार्य नहीं हैं, बल्कि इन्हें पूरी तरह से स्वैच्छिक आधार पर लागू किया जा रहा है। व्यापारिक हितों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए मंत्री ने संगठन के पदाधिकारियों से इस विषय पर अपने लिखित सुझाव और व्यावहारिक विकल्प देने का आग्रह किया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से आश्वस्त किया कि संगठन से विस्तृत सुझाव लेने और उन पर पूरी तरह विचार-विमर्श करने के बाद ही इन संशोधनों को पैन इंडिया (पूरे देश में) मैंडेटरी (अनिवार्य) करने पर कोई निर्णय लिया जाएगा। सरकार का उद्देश्य किसी भी ईमानदार व्यापारी को परेशान करना नहीं है।

इसके साथ ही, केंद्रीय मंत्री ने सराफा एसोसिएशन से विशेष अपील करते हुए कहा कि सभी सराफा व्यवसायी केवल बीआईएस हॉलमार्किंग प्रमाणित जेवर ही बेचें और ग्राहकों को भी इस विषय पर जागरूक करें ताकि आम जनता को पूरी तरह शुद्ध, सुरक्षित और प्रमाणित आभूषण मिल सकें।

सकारात्मक विमर्श से भरी इस बैठक में मुख्य रूप से अभिषेक खरे (अध्यक्ष, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ, लखनऊ महानगर), महेश चंद्र जैन (अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन), रवींद्र नाथ रस्तोगी (महामंत्री, उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन), राजन रस्तोगी, प्रदीप अग्रवाल, प्रशांत जैन, रिचा मिश्रा (केंद्रीय उपसचिव) उपस्थित थे।

बैठक के अंत में प्रतिनिधिमंडल ने छोटे और पारंपरिक जौहरियों के हितों की रक्षा करने, सुझाव मांगकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सम्मान करने और सकारात्मक आश्वासन देने के लिए केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी तथा इस बैठक की रूपरेखा तैयार करवाने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का सहृदय आभार व्यक्त किया।

## देश के प्रतिष्ठित 2 गीगावाट रूफटॉप सोलर क्लब में उत्तर प्रदेश हुआ शामिल

- **घरेलू रूफटॉप सोलर क्षमता में 2 गीगावाट का ऐतिहासिक आंकड़ा किया पार**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने घरेलू रूफटॉप सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 2 गीगावाट स्थापित क्षमता का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। इस उपलब्धि के साथ उत्तर प्रदेश देश के प्रतिष्ठित 2 गीगावाट रूफटॉप सोलर क्लब में शामिल हो गया है, जहां अब तक केवल गुजरात और महाराष्ट्र जैसे अग्रणी राज्यों की उपस्थिति थी।

यह उपलब्धि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रदेश में सौर ऊर्जा को लेकर बढ़ती जनभागीदारी का परिणाम मानी जा रही है। योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने अपने घरों की छतों पर सौर संयंत्र स्थापित कर स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा को अपनाया है। इस दौरान यूपी नेडा रविंदर सिंह ने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र में यह उपलब्धि केवल एक सांख्यिकीय मील का पत्थर नहीं है, बल्कि प्रदेश में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ते कदमों का प्रतीक है। घरेलू रूफटॉप सोलर के विस्तार से उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत मिलने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में भी मदद मिल रही है। प्रदेश की इस सफलता में यूपीनेडा के इम्पैनल्ड वेंडर्स, विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, बैंकिंग संस्थानों तथा लाखों उपभोक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विभिन्न विभागों और संस्थाओं के समन्वित प्रयासों ने सौर ऊर्जा को जन-आंदोलन का स्वरूप देने में योगदान दिया है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश में घरेलू सौर ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से वृद्धि दर्ज की जा रही है। वर्तमान प्रगति को देखते हुए प्रदेश अब देश में शीर्ष राज्यों की श्रेणी में अपनी स्थिति और मजबूत करने की दिशा में अग्रसर है। अधिकारियों का मानना है कि यदि वर्तमान गति बनी रही तो आने वाले महीनों में उत्तर प्रदेश घरेलू रूफटॉप सोलर स्थापना के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों को चुनौती देते हुए नई ऊंचाइयां प्राप्त कर सकता है।

## बढ़ती महंगाई समेत कई मुद्दों को लेकर सपाइयों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** राजधानी में जिला समाजवादी पार्टी ने वर्तमान सरकार द्वारा पेट्रोल, डीजल, गैस, खाद, पेपर लीक, महिला उत्पीड़न, फर्जी एनकाउण्टर एवं लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत की अगुवाई में जिला कार्यालय कैसरबाग से चलकर कलेक्ट्रेट, लखनऊ पर धरना देकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया। जिलाध्यक्ष जयसिंह जयन्त ने कहा कि जबसे प्रदेश में भाजपा का कुशासन आया है तबसे आम जनता के हितों की परवाह किये बिना लगातार अप्रत्याशित रूप से डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस एवं खाद के दामों में बेतहासा वृद्धि की जा रही है, जिससे प्रदेश के निम्न मध्यम वर्ग, मध्यम वर्ग के साथ सभी वर्गों को बढ़ती महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती महंगाई से महिलाओं के घरों का बजट पूरी तरह से चरमरा गया है। किसी भी प्रतियोगी परीक्षा को प्रदेश रूप से करा पाने में असफल है। महिलाओं का उत्पीड़न चरम सीमा पर है, आये दिन बच्चियों एवं महिलाओं का शोषण किया जाता है। खाद के दामों में बेतहाशा वृद्धि से देश व प्रदेश का किसान परेशान है। बिजली की दरों में लगातार बढ़ोत्तरी होने के कारण घरेलू खर्च बढ़ने के साथ ही छोटे व्यवसाय भी प्रभावित होते हैं एवं बिजली आपूर्ति भी सुचारू रूप से जनता को उपलब्ध नहीं करायी जा रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से मोहनलालगंज सांसद आरके चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह, राष्ट्रीय सचिव महिला सभा बीना रावत, राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता सभा कृष्ण कन्हैया पाल, प्रदेश अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ कर्नल शरद सरन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा सिकंदर यादव, प्रदेश अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड अनीस राजा, प्रवक्ता नाहिद लारी खान, जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी शशिलेन्द्र यादव, के साथ बड़ी तादाद में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पीएम पोषण व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटी योगी सरकार

### विद्यालय खुलने से पहले खाद्यान्न, स्वच्छता, सुरक्षा और रसोई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

- **गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने के लिए जारी हुई विस्तृत कार्ययोजना**
- **मध्याह्न भोजन प्राधिकरण के निदेशक प्रेम रंजन सिंह ने सभी जिलों को दिये समयबद्ध अनुपालन के निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षित भविष्य को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसी दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद 25 जून से विद्यालय खुलने से पहले प्रदेशभर में पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक कार्ययोजना लागू की जा रही है।

योगी सरकार ने स्पष्ट किया है कि विद्यालयों में बच्चों को पहले ही दिन से गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो, इसके लिए खाद्यान्न की उपलब्धता से लेकर रसोईघर की स्वच्छता, पेयजल, अग्नि सुरक्षा और भोजन निर्माण से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं। इस संबंध में मध्याह्न भोजन प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश के निदेशक प्रेम रंजन सिंह ने सभी जनपदों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

जारी निदेशों के अनुसार विद्यालयों में निर्धारित मेन्यू के अनुरूप मध्याह्न भोजन तैयार करने के लिए आवश्यक खाद्यान्न, दाल, सब्जियां, तेल, आयोडाइज्ड नमक, मसाले तथा अन्य आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। सभी खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता और उनकी एक्सपायरी तिथि की जांच भी अनिवार्य रूप से की जाएगी, ताकि बच्चों को सुरक्षित और मानकानुसार भोजन उपलब्ध कराया जा सके। खाद्यान्न और अन्य सामग्री के सुरक्षित भंडारण तथा सुव्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश भी दिए गए हैं।

योगी सरकार ने भोजन निर्माण और वितरण प्रक्रिया में स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। निदेशों में कहा गया है कि भोजन पकाने और परोसने के स्थानों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। रसोईघरों के भीतर और बाहर जालों की सफाई, परिसर में उगी घास की कटाई तथा भोजन निर्माण क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने की व्यवस्था की जाए। विद्यालयों में स्थापित हैंडपंप और पेयजल इकाइयों के आसपास भी विशेष सफाई रखने तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो सके।

भोजन निर्माण प्रक्रिया की सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए सभी विद्यालयों में अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता और उनकी कार्यशील स्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। रसोइयों को अग्निशमन उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही गैस सिलेंडर आधारित चूल्हों, रेगुलेटर, बर्नर और अन्य उपकरणों की नियमित जांच कर खराब उपकरणों को तत्काल बदलने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। योगी सरकार का उद्देश्य भोजन निर्माण प्रक्रिया को पूरी तरह सुरक्षित, व्यवस्थित और जोखिममुक्त बनाना है।

विद्यालयों में पूर्व से विकसित किचन गार्डन को पुनर्जीवित करने तथा आवश्यकता अनुसार नए किचन गार्डन विकसित करने पर भी विशेष बल दिया गया है। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध ताजी सब्जियों के उपयोग को बढ़ावा देकर बच्चों को अधिक पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की योजना है। इसके साथ ही तिथि भोजन कार्यक्रम के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने और समाज को बच्चों के पोषण अभियान से जोड़ने के निर्देश भी दिए गए हैं। मध्याह्न भोजन प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश के निदेशक प्रेम रंजन सिंह ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक बच्चे को विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से पीएम पोषण योजना की सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि खाद्यान्न की गुणवत्ता, स्वच्छता, सुरक्षा तथा भोजन निर्माण से जुड़े सभी मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें।

## पारिवारिक विवाद को लेकर घर में घुसकर महिला से मारपीट करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के बेंती गांव में रहने वाली महिला माधुरी ने परिवार के गजराज, दीपक, रंजीत, अमित, सुधीर और तीन अज्ञात के खिलाफ पारिवारिक विवाद को लेकर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। माधुरी का आरोप है कि परिवार के गजराज से लंबे समय से विवाद चल रहा है। आरोप है कि 15 जून की रात करीब 8:30 बजे गजराज ने अपने पुत्र दीपक को बुलाया,



जिसके बाद दीपक, गजराज और उनके रिश्तेदार रंजीत, अमित, सुधीर सहित तीन अज्ञात व्यक्ति दो चारपहिया वाहनों से माधुरी के घर पहुंचे। जहाँ सभी आरोपियों ने घर में घुसकर गाली-गलौज कर परिवार को जान से मारने की धमकी दी और सभी को लाठी-डंडों व लात घूंसों से मारापीटा। इस घटना में माधुरी, उसके पति कृष्णकुमार गौतम, बेटा शिवम और बेटी अंजली घायल हो गए। मारपीट के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अचानक तबियत बिगड़ने से होटल में काम करने आए युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर में बीती रात एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक गुजरात प्रांत के अहमदाबाद जिले स्थित साबरमती थाना क्षेत्र में रहने वाले ओम सिंह चौहान (37) बीती 11 जून को थाना क्षेत्र के शांति नगर स्थित श्रीजी होटल में नौकरी करने आए थे और वहीं रूक कर काम कर रहे थे। 16 जून मंगलवार को रात करीब 2 बजे उनकी अचानक तबियत बिगड़ गई। इसके बाद हालत अधिक बिगड़ती देख होटल कर्मचारियों ने ओम सिंह को सरोजनी नगर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बाद में सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि मृतक शराब का आदी था। लेकिन उसकी मौत किन कारणों से हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत का सही कारण पता चल सकेगा। पुलिस का कहना है कि मृतक की पत्नी प्रीति सिंह चौहान को घटना के सूचना दे दी गई है। परिजनों के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पीछे से बाइक सवार ने बाइक में मारी टक्कर, दोनों घायल, एक ट्रामा सेंटर रेफर

अमन लेखनी समाचार



अस्पताल में भर्ती घायल बाबर

लखनऊ। हरदोई-लखनऊ हाईवे पर चिहुंटा और चांदपुर गांव के बीच बुधवार दोपहर दो बाइकों की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरे बाइक चालक को भी चोटें आई हैं। गंभीर घायल को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस के मुताबिक रहीमाबाद थाना क्षेत्र के अहमदाबाद कटौली निवासी हनीफ (35) बुधवार दोपहर रहीमाबाद से सामान खरीदकर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान चिहुंटा-चांदपुर गांव के बीच हरदोई की ओर से आ रहे कासिमपुर थाना क्षेत्र के गौरी खालसा निवासी बाबर (30) की बाइक ने पीछे से उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर जुटे ग्रामीणों ने तत्काल दोनों घायलों को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने हनीफ के सिर में गंभीर चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। वहीं बाबर का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल दोनों व्यक्तियों को अस्पताल भेजा गया है। एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। और दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## साइबर ठगों ने पुलिसकर्मी का मोबाइल हैक कर खाते से 1 लाख से अधिक रकम करी पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों साइबर ठगों ने 32 बटालियन पीएसी की विशेष सुरक्षा बल में तैनात एक पुलिसकर्मी का मोबाइल हैक कर उसके खाते से 1 लाख रुपये से अधिक रकम पार कर दी। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत करने के साथ सरोजनी नगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूल रूप से औरैया जिले के फफूंद स्थित रामपुर की मड़िया निवासी व सरोजनी नगर स्थित 32वीं वाहिनी पीएसी की विशेष सुरक्षा बल में तैनात संदीप कुमार के मुताबिक बीती 10 जून को दोपहर करीब 2 बजे उनके मोबाइल पर सीआरआईसीएफवाई एप खोलते समय अचानक कोई अन्य एप खुल गया, जिसके बाद उनका फोन अपने आप अपडेट होने लगा। शाम को जांच करने पर उन्हें पता चला कि उनके बैंक खाते से यूपीआई के माध्यम से दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन कर कुल 1.05 लाख रुपये निकाल लिए गए हैं। रकम फ्री लेसिंग ट्रेडिंग विश्व वर्मा@आईडीएफसी बैंक खाते में ट्रांसफर की गई। इसके बाद पीड़ित ने 11 जून को साइबर सेल में इसकी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद सरोजनीनगर थाने में भी तहरीर दी। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जालसाज की तलाश शुरू कर दी है।

## चोरों ने स्कूटी की सीट का लॉक तोड़कर 80 हजार रुपये, मोबाइल फोन और जरूरी दस्तावेज किया पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्टनगर में मंगलवार को चोरों ने एक स्कूटी की सीट का लॉक तोड़कर उसके नीचे रखे करीब 80 हजार रुपये नकद, मोबाइल फोन और जरूरी दस्तावेज चोरी कर लिए। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस दी, पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। कृष्णानगर के सुंदर नगर निवासी गणेश शंकर शर्मा के मुताबिक वह आरटीओ कार्यालय, ट्रांसपोर्ट नगर में संविदा पर काम करते हैं। उनका कहना है कि मंगलवार शाम करीब 7 बजे ट्रांसपोर्ट नगर स्थित न्यू पंजाबी ढाबे के पास अपनी स्कूटी खड़ी कर बैग की मरम्मत कराने एक दुकान पर चले गए। कुछ देर बाद वहाँ से लौट कर स्कूटी उठाई और घर चले गए। लेकिन घर पहुंचने पर स्कूटी से उतरते समय स्कूटी की सीट नीचे गिर गई। बाद में देखा तो सीट का लॉक टूटा होने के साथ सीट के नीचे रखे करीब 80 हजार रुपये नकद, एक कीमती मोबाइल फोन और एक बैग गायब मिला। बैग में आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य जरूरी कागजात रखे थे। जानकारी होने पर गणेश शंकर शर्मा वापस ट्रांसपोर्ट नगर चौकी पहुंचे और पुलिस को पूरी जानकारी दी। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में मामला संदिग्ध लग रहा है, लेकिन पीड़ित की तहरीर पर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के सहारे मामले की जांच की जा रही है।

## आटा चक्की संचालक की करंट की चपेट में आने से मौत

अमन लेखनी समाचार



मृतक कर्णवीर सिंह फाइल – फोटो

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के सरथरा गांव में बुधवार को एक आटा चक्की संचालक की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, मिली जानकारी के अनुसार, सरथरा निवासी कर्णवीर सिंह उर्फ बब्लू (50) गांव में आटा चक्की का संचालन करते थे। बुधवार दोपहर करीब एक बजे वह अपने छोटे बेटे रितिक के साथ गांव के किनारे आम के बाग में गिरे हुए आम बीनने गए थे। इसी दौरान वह अचानक बिजली के करंट की चपेट में आ गए। करंट लगते ही वह गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक के परिवार में पत्नी सुनीता सिंह, 14 वर्षीय पुत्र अंश और 7 वर्षीय पुत्र रितिक को छोड़ गए हैं। परिवार के मुखिया की असमय मौत से पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि कर्णवीर सिंह मिलनसार और मेहनती स्वभाव के व्यक्ति थे। परिजनों ने मामले में किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई कराने से इनकार कर दिया है।

## दबंगों ने घर में घुसकर महिला को लाठी डंडों से पीटा, जान से मारने की दिया धमकी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर में सोशल मीडिया पर महिला के साथ मारपीट का वीडियो वायरल होने से पुलिस में हड़कंप मच गया। वायरल वीडियो में एक युवक डंडा लेकर घर के अंदर एक महिला के बाल पकड़कर उसकी पिटाई कर रहा है। कुछ देर में ही एक दूसरा लड़का वहां पहुंचा और वह भी लात घूसों से महिला के बाल पकड़ कर पिटाई करने लगा। यही नहीं बाद में दोनों युवक महिला को पकड़ कर लात घूसों और डंडे से मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के दरोगा खेड़ा स्थित चंद्रशेखर आजाद नगर कॉलोनी का बताया जा रहा है। इस मामले में चंद्रशेखर आजाद नगर निवासी पुष्पा यादव (39) पत्नी राजेश कुमार ने सरोजनी नगर थाने में एक तहरीर दी है। उसका कहना है कि वह अपने पिता के साथ घर में रहती है। जबकि उसकी बड़ी बहन रीना यादव अपने पति सुरेश यादव और मां के साथ वहीं चंद्रशेखर आजाद नगर कॉलोनी में रहती है। पुष्पा का कहना है कि बुधवार को वह अपने घर पर बैठी थी। तभी बड़ी बहन रीना के दोनों बेटे आयुष यादव और अंश यादव उसके घर में घुस गए और पुष्पा पर घर में घुसकर जानलेवा हमलाकर बुरी तरह लाठी डंडों से मारापीटा। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता का कहना है कि बाद में घर में सीसीटीवी कैमरा लगा देख दोनों युवक घर के बाहर भाग खड़े हुए। तभी दोनों के पिता सुरेश व मां रीना और पीड़िता की मां कृष्णावती भी वहां पहुंची और जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज कर थाने में शिकायत करने पर पीड़िता और उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी। वहीं पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि पुष्पा अपने पिता के साथ घर में रहती है, जबकि उसकी बड़ी बहन रीना पास में ही अपनी मां के साथ परिवार सहित रहती है। दोनों के बीच प्रॉपर्टी को लेकर विवाद है। पुलिस का कहना है कि बुधवार को रीना के बेटे ने पुष्पा के घर के सामने कूड़ा फेंक दिया। इसके बाद पुष्पा ने वह कूड़ा उठाकर रीना के घर के सामने डाल दिया। इसी को लेकर दोनों पक्षों में यह बवाल हुआ है। फिलहाल पुष्पा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी आयुष को गिरफ्तार कर लिया गया और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## बैंक मैनेजर बनकर महिला से ठगे लाखों रुपये

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है, जहां एक महिला को बैंक मैनेजर बनकर फोन करने वाले जालसाज ने लाखों रुपये की ठगी कर ली। सरोजनी नगर के कानपुर रोड स्थित मीरानपुर पिनवट निवासी महिला गीता देवी के मुताबिक उसने 29 मई 2026 को बैंक ऑफ इंडिया के दो चेक क्रमांक 184151 और 184152 क्रमशः 2.50 लाख रुपये और 4 लाख रुपये के अवसर अहमद को दिए थे। गीता का कहना है कि कुछ समय बाद उसके मोबाइल पर चेक रिटर्न होने का मैसेज मिला। पीड़िता का कहना है कि समस्या के समाधान के लिए उसने गूगल पर बैंक मैनेजर का मोबाइल नंबर खोजा और मिले नंबर 9101259690 पर संपर्क किया। तब फोन रिसीव करने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंक मैनेजर बताते हुए चेक क्लियर कराने का भरोसा दिया। बातचीत के दौरान उसने खाते से जुड़े मोबाइल नंबर की जानकारी मांगी। इसके बाद आरोपी ने उस नंबर पर संपर्क कर खाते से संबंधित जानकारी हासिल कर ली। गीता का कहना है कि उक्त मोबाइल नंबर उसकी बेटी के पास था। तभी आरोपी ने पहले खाते से चार लाख रुपये निकाल लिए और फिर ओटीपी प्राप्त कर तत्काल 3.98 लाख रुपये और ट्रांसफर कर लिए। ठगी का एहसास होने पर पीड़िता ने 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने के साथ साइबर सेल में भी शिकायत की। इसके बाद सरोजनी नगर थाने में तहरीर दी। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से मामले की जांच कर रही है।

## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर हुआ भव्य आयोजन

### रहीमाबाद में महाराणा प्रताप के शौर्य और स्वाभिमान को किया गया नमन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद के गहदो रोड स्थित हिंदू जागरण मंच कार्यालय पर बुधवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांस्कृतिक गौरव संस्थान के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह तिलन ने महाराणा प्रताप के जीवन, संघर्ष, त्याग, शौर्य और राष्ट्रभक्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने स्वाभिमान, स्वतंत्रता और राष्ट्रधर्म से कभी समझौता नहीं किया। उनका संपूर्ण जीवन साहस, आत्मसम्मान और देशभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है।

उन्होंने महाराणा प्रताप को हल्दीघाटी का अमर योद्धा बताते हुए कहा कि उनका जीवन आज भी युवाओं को अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने तथा राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा देता है। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल इतिहास के महान नायक ही नहीं, बल्कि वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान देना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर एडवोकेट राजेश सिंह चौहान, प्रमोद मौर्य, अनूप गुप्ता, रोहित प्रजापति, के.एल. दुबे, विपिन शुक्ला, मनोज अर्कवंशी, गुलजारी लाल, अंशुमान सिंह, दुलारु गुप्ता सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पत्नी की मौत के बाद फौजी पति ने भी दी अपनी जान

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के दादामऊ गांव में मंगलवार रात हुई घटना ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया। घरेलू विवाद के बाद महिला ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी की मौत की खबर मिलने के बाद कोलकाता में तैनात उसके फौजी पति ने भी आत्महत्या कर ली। पति-पत्नी की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस दोनों घटनाओं की जांच में जुटी है।जानकारी के अनुसार थाना बीघापुर क्षेत्र के दादामऊ गांव निवासी शैलेन्द्र पुत्र राजेन्द्र कुमार की शादी करीब 10 वर्ष पहले कानपुर नगर के चकेरी निवासी अशोक कुमार की पुत्री साधना पांडेय के साथ हुई थी। शैलेंद्र एक माह छुट्टी से अपनी ससुराल कानपुर आया था और वहां रुक कर मकान बनवा रहा था। गांव में पारिवारिक भाई टिंकू की 29 जून को शादी थी जिससे वह अपनी छुट्टी बढ़ाने के लिए कोलकाता चला गया





और पत्नी को परिवार के साथ अपने गांव में छोड़ दिया। मंगलवार रात साधना ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।घटना की जानकारी मृतका के भाई अनुज मिश्रा पुत्र अशोक कुमार निवासी चकेरी, कानपुर नगर ने पुलिस की 112 सेवा पर दी। सूचना मिलते ही बीघापुर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा समेत अन्य विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।वहीं, साधना की मौत की जानकारी मिलने के बाद उसके पति शैलेन्द्र, जो सेना में तैनात थे और वर्तमान में कोलकाता के निकट पानागढ़ में ड्यूटी कर रहे थे, ने भी आत्महत्या कर ली। पति-पत्नी की एक के बाद एक मौत की खबर से दोनों परिवारों में शोक की लहर दौड़ गई।

### मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप–

साधना की मौत के बाद मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का आरोप है कि महिला की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। महिला के भाई ने आरोप लगाया कि जब वह गांव आया तो उसकी बहन का बर्फ के ऊपर रखा हुआ था तथा गले में चोट के निशान बने हुए थे। पुलिस को दी गई सूचना में भी मामले की जांच की मांग की गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। घटनास्थल से जुड़े साक्ष्यों को जुटाया जा रहा है और परिजनों से भी जानकारी ली जा रही है।

### दो मासूम बच्चों के सिर से उठा माता–पिता का साया–

साधना और शैलेन्द्र के दो बच्चे हैं। इनमें पुत्र यथार्थ की उम्र करीब 5 वर्ष और पुत्री सांवी की उम्र 8 वर्ष है। माता-पिता की मौत के बाद दोनों बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया है। घटना के बाद परिवार और गांव में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार शैलेन्द्र पश्चिम बंगाल के पानागढ़ में सेना में नौकरी करते थे और परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। अचानक हुई इस घटना से गांव के लोग भी स्तब्ध हैं।

### पुलिस कर रही मामले की जांच–

बीघापुर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर महिला के शव को कब्जे में लिया गया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पति की आत्महत्या की सूचना भी पुलिस को मिली है। दोनों घटनाओं को जोड़कर सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस ने दोनों परिवारों से पूछताछ शुरू कर दी है और मामले पर नजर बनाए हुए है।

# भाजपा के एम पी प्रभारी ने पेट्रोल पंप का किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। लखनऊ से उन्नाव में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा के मध्य प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने बुधवार को नवाबगंज में एक पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने गांव, गरीब, किसान और युवाओं के उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं। डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश में सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। किसानों को सम्मान निधि, गरीबों को आवास, मुफ्त राशन, उज्ज्वला योजना, हर घर जल और बेहतर कानून व्यवस्था जैसी योजनाओं से आमजन को सीधा लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर काम कर रही है।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, विधायक ब्रजेश रावत, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह, सिंडिकेट सिंह, प्रमोद सिंह, लालु सिंह, शक्ति सिंह, प्रदीप सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## संक्षेप

### महिला ने अपने ससुरालीजनो पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना विहार अन्तर्गत विवाहिता से मारपीट कर दहेज के लिए प्रताड़ित करने पर पीड़िता द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के गाँव उचवा मजरा पुरंदरपुर निवासिनी व्यूटी देवी पुत्री लल्लू प्रसाद लोधी ने तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह लगभग एक वर्ष पूर्व ग्राम कृपाल खेड़ा मजरा सरवन समादा, थाना असोहा, जनपद उन्नाव निवासी कृष्णा कुमार पुत्र सत्तीदीन के साथ हुआ था। विवाह के लगभग एक माह बाद से ही पति द्वारा चार पहिया गाड़ी के साथ पांच लाख नगद की मांग की जाने लगी साथ ही उसकी सास सियादुलारी, ससुर सत्तीदीन, जेठ शिवकुमार, जेठानी ज्योति व ननद द्वारा आए दिन गाली-गलौज, मारपीट एवं मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न किया जाने लगा। उसको घर से भगा भी दिया गया। इस बावत थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया ससुरालीजनों के सात सदस्यों पर दहेज प्रतिषेध अधि० सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### 147 कर्मचारी ड्यूटी से नदारद मिले

#### जिलाधिकारी ने वेतन रोकने और स्पष्टीकरण मांगने का आदेश दिया

रायबरेली,सरकारी कामकाज में लापरवाही के खिलाफ जिलाधिकारी सरनीत कौर ने सख्त कार्रवाई की है। 12 जून 2024 को जनपद के विभिन्न ब्लॉक कार्यालयों, नगर पंचायतों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में औचक निरीक्षण के दौरान कुल 147 कर्मचारी ड्यूटी से नदारद पाए गए। जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार की टीमों ने यह औचक छापेमारी की। इस दौरान सरकारी कार्यालयों में बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित मिले, जिससे प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। इस गंभीर अनियमितता पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से कड़ा कदम उठाया है। अनुपस्थित पाए गए सभी 147 कर्मचारियों का एक दिन का वेतन अग्रिम आदेशों तक के लिए रोक दिया गया है। साथ ही, संबंधित कार्यालय अध्यक्षों के माध्यम से सभी अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों का विभागवार विवरण इस प्रकार हैः ब्लॉक स्तर पर छतोह में 12, रोहनियां में 12, डलमऊ में 11, लालगंज में 10, सलोन में 9, महराजगंज में 7, खीरो में 7, शिवगढ़ में 5, सरेनी में 4, अमावा में 2, जगतपुर में 2 और बछरावां में 1 कर्मचारी नदारद मिले। सीएचसी स्तर पर महराजगंज में 17, सरेनी में 14, अमावां में 8, शिवगढ़ में 6, डलमऊ में 4, हरचंदपुर में 1 और सलोन में 1 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इसके अतिरिक्त, सी.डी.पी.ओ. कार्यालय-शिवगढ़ में 8 और नगर पंचायत-ऊंचाहार में 3 कर्मचारी भी ड्यूटी पर नहीं थे।

# दबंगो ने की मारपीट दर्ज हुआ मुकदमा



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को जम कर पीट दिया। पीड़ित पक्ष द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के भवानीखेड़ा निवासिनी जय श्री पत्नी ठाकुर प्रसाद ने तहरीर देकर बताया कि रविवार देर शाम गाँव के ही बाबू शंकर पुत्र स्व० गंगाराम, अमित पुत्र बाबू शंकर व सुरेन्द्र पुत्र बाबू शंकर ये सभी लोग हमारे दरवाजे पर आकर मेरी लड़की के साथ उसे व उसके पति को अकारण ही डण्डों से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया तहरीर में नामजद तीनो व्यक्तियो पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# सड़क हादसे में महिला सफाई कर्मी की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज ड्यूटी पर जा रही 50 वर्षीय महिला सफाई कर्मी बेथर से कोलुहागाड़ा जाने वाले मार्ग पर घायल अवस्था में पड़ी मिली।सूचना पर उन्हें सीएचसी लाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अचलगंज थाना क्षेत्र के जमुका गांव निवासी संतोष की 50 वषीर्या पत्नी किरन ग्राम जमुनीपुर में सफाई कर्मी के पद पर तैनात रही है।इनका पति संतोष इसी ग्राम पंचायत के गौरी त्रिभानपुर में सफाई कर्मी है।बुधवार की सुबह तकरीबन 8 बजे सफाई कर्मी किरन बेथर से कोलुहागाड़ा जाने वाले मार्ग पर ढनगना के पास सड़क के दाहिनी ओर घायल अवस्था में पड़ी पाई गई।जिनके नाक और कान से खून निकल रहा था गौरी त्रिभानपुर के प्रधान विनोद यादव की सूचना पर मौके पर पहुंचा उसका पति उसे उपचार के लिए एम्बुलेंस से अचलगंज सीएचसी ले गया।जहां से जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।मृतका मौजूदा समय उन्नाव के पूरन नगर में निवास कर रही थी जहां से रोज किसी साधन से आकर ड्यूटी कर रही थी। उपनिरीक्षक जय प्रकाश भारती के अनुसार बेथर से जमुनीपुर जाते समय मार्ग पर महिला किसी वाहन से टकरा कर घायल हुई है।जिसको अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई है।मृतका का पति संतोष ने बताया कि वह जमुका गांव में रह रहा है जहां से ड्यूटी पर आते समय घटना की जानकारी मिली है मौके पर पहुंच पत्नी को लाकर अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।मृतका दो बच्चों की मां रही है वह पति के अलावा पुत्र विश्वास और पुत्री आस्था को अपने पीछे छोड़ गई है।

# महिला ने निगला जहरीला पदार्थ हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के गांव गोकुलपुर निवासी रमावती 45 वर्ष पत्नी केशन कुमार ने मंगलवार को घर के अंदर कीटनाशक पी लिया। चेन्नई मे रह रहे पति केशन कुमार ने लगातार फोन मिलाया लेकिन फोन रिसीव ना होने पर पड़ोसियों को फोन मिलाकर बात कराने की बात कहीं।घर बंद होने पर पड़ोसी छत से घर पहुंचे तो रमावती चारपाई पर मृत पड़ी मिली। पड़ोसियों ने पति केशन कुमार सहित पंजाब मे रह रहे बेटा अवधेश को सूचना दी।सूचना पर मायके गयी बहू रोली पहुंची और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। बहू रोली ने कीटनाशक पीने के प्रार्थनापत्र पुलिस को दिया हैं। रमावती घर पर अकेली थी।पति चेन्नई मे ,बेटा पंजाब मे और बहू मायके गयी थी। बुधवार को बेटा अवधेश पीएम हाउस पहुंचा लेकिन पति अंतिम संस्कार मे नहीं आ सका।थानाध्यक्ष फूल सिंह ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। कीटनाशक पीने के कारणो का पता लगाया जा रहा हैं।



# विद्यालय के शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। जनगणना कार्यक्रम के अन्तर्गत मकान गणना के दौरान गॉव की चौपाल और घरों में जाकर लोगों को प्रकृति संरक्षण और वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करने के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय मलयपुर कम्पोजिट सुमेरपुर उन्नाव के सहायक शिक्षक प्रगणक आशीष कुमार दीक्षित एवं मुकेश सचान को आज दिनांक 17 जून 2026 को एस डी एम बीघापुर श्री रनवीर सिंह ने कार्यालय तहसील बीघापुर में प्रशस्ति पत्र देकर सराहा। इस दौरान नायब तहसीलदार श्री विजय रंजन श्रीवास्तव व अन्य उपस्थित रहे। शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित ने तैयार किये गये 'संकल्प पत्र' की एक प्रति प्रतीक के रूप में भेंट की और प्रयास के उद्देश्यों से अवगत कराया।विदित रहे कि बीघापुर तहसील के ग्राम मलयपुर के जनगणना प्रगणक - सहायक शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित और मुकेश सचान ने मकान गणना के दौरान मलयपुर गांव में सिर्फ मकानों के नंबर एवं आवश्यक सूचनाएं ही दर्ज नहीं कीं, बल्कि भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए 'हरित संकल्प' की इबारत लिखने का भी प्रयास किया था, जिसके लिए उन्हें तहसील में प्रशस्ति पत्र देकर सराहा गया।



# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्धा की मौत

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के निबई गांव में बुधवार दोपहर एक वृद्धा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जानकारी के अनुसार निबई निवासी शिवनाथा (75) पत्नी स्वर्गीय श्रीकृष्ण भैंस चराकर घर वापस लौट रही थीं। परिजनों के अनुसार घर के समीप पड़ोसियों द्वारा दरवाजे से भैंस निकालने को लेकर टोका-टोकी हुई, जिसके बाद अचानक शिवनाथा को चक्कर आ गया और वह सड़क पर गिर पड़ीं। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।परिजनों का आरोप है कि पड़ोसी द्वारा लंबे समय से मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने के कारण यह घटना हुई है। मृतका की कोई संतान नहीं थी तथा उनके पति की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। उन्होंने अपनी भतीजी साधना पत्नी सुरेंद्र को गोद लिया था और उसी के साथ रहती थीं।



घटना की सूचना मिलने पर निबई चौकी प्रभारी पुरुषोत्तम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि सड़क किनारे एक वृद्ध महिला की मौत होने की सूचना मिली थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर प्राप्त होने तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज उत्पीड़न का महिला ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बेहटा भवानी निवासिनी प्रज्ञा पांडे पुत्री शैलेश पांडे का विवाह 8 माह पूर्व ग्राम मेथी टिकूर पोस्ट अटवा थाना माखी तहसील सफीपुर जिला उन्नाव निवासी शुभम तिवारी उर्फ अंकित पुत्र स्वर्गीय कमलेश तिवारी के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ विवाह में पीड़िता के पिता ने अपनी हैसियत से ज्यादा बढ़कर 12 से 15 लाख रुपए खर्च किए विवाह के कुछ दिन बाद से ही पीड़िता के पति शुभम तिवारी उर्फ अंकित जेठ आशुतोष तिवारी उर्फ आंसू ननद शिखा दीक्षित जीजा मनीष दीक्षित अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे जब मांग पूरी नहीं हुई तो इन लोगों ने पीड़िता को प्रताड़ित करते हुए सारा स्त्री धन और गहने कब्जे में लेकर गाली गलौज देते हुए घर से निकाल दिया जिस पर कई बार सामाजिक पंचायत हुई लेकिन पीड़िता के ससुराल वालों ने विवाह का खर्च लौटने से साफ इनकार कर दिया तब पीड़िता ने थाने में तहरीर दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया।




# नाबालिग लड़की लापता, पुलिस ने लड़के के साथ बरामद किया

### दिल्ली से शाहजहांपुर रिश्तेदार के घर आई थी, सोशल मीडिया से हुई थी दोस्ती

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर ,एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के लापता होने से हड़कंप मच गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए लड़की को एक नाबालिग लड़के के साथ बरामद कर लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों सोशल मीडिया के जरिए एक-दूसरे के संपर्क में आए थे।यह घटना चौक कोतवाली क्षेत्र की है। लापता हुई लड़की दिल्ली में अपने परिवार के साथ रहती है और कुछ दिन पहले ही शाहजहांपुर स्थित अपने रिश्तेदार के घर आई थी। मंगलवार दोपहर करीब 11 बजे वह घर से निकली, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने पहले सोचा कि वह सहेलियों के साथ खेलने गई होगी, लेकिन काफी देर होने पर उन्हें चिंता हुई और उन्होंने तलाश शुरू की।तलाश के दौरान परिजनों ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिसमें लड़की एक नाबालिग लड़के के साथ जाती हुई दिखाई दी। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल एक टीम गठित की और पूरे क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर दोनों की लोकेशन ट्रेस की गई और उन्हें बरामद कर लिया गया।पुलिस पूछताछ में पता चला कि दोनों सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के संपर्क में आए थे। लड़का लखनऊ का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस दोनों से विस्तृत पूछताछ कर रही है।सीओ सिटी देवव्रत वाजपेयी ने बताया कि दोनों नाबालिग हैं और उन्हें बरामद कर लिया गया है। उनसे पूछताछ जारी है।

# घायल बच्चे को देख भावुक हुए एडीएम

### गाड़ी रुकवाकर की मदद, डाक्टर से बोले- बच्चे के मां-बाप नहीं, आप इलाज करिए; पूरा पैसा मैं दूंगा

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, शाहजहांपुर में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरविंद कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर में घायल अवस्था में बैठे एक 15 वर्षीय बच्चे की मदद की। बच्चे के पैर में गंभीर चोट थी और आर्थिक तंगी के कारण उसका इलाज नहीं हो पा रहा था। एडीएम ने बच्चे को देखकर अपनी गाड़ी रुकवाई और तत्काल सहायता प्रदान की।यह प्रकरण बुधवार को हुआ। 15 वर्षीय राहुल थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के अमरेड़ी गांव का निवासी है। कुछ समय पहले उसके माता-पिता का निधन हो गया था, जिसके बाद उसके चाचा मेघनाथ उसका पालन-पोषण कर रहे हैं। मेघनाथ की आर्थिक स्थिति भी कमजोर है। करीब तीन महीने पहले राहुल के पैर पर दीवार की ईंट गिर गई थी, जिससे उसे गंभीर चोट आई थी। आर्थिक कमजोरी के कारण राहुल के चाचा उसका उचित इलाज नहीं करा पा रहे थे, जिससे उसके पैर की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही थी।



### एडीएम ने परिवार को तत्काल आर्थिक मदद दी

मदद की गुहार लगाने के लिए मेघनाथ अपने भतीजे राहुल को लेकर बुधवार को एक ई-रिक्शे से कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे थे। इसी दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरविंद कुमार किसी शासकीय कार्य से अपनी गाड़ी से बाहर जा रहे थे। उनकी नजर ऑटो रिक्शा में बैठे घायल बालक पर पड़ी। बच्चे की हालत देखकर उन्होंने तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाई और स्वयं उसके पास पहुंचकर हालचाल जाना। पूछताछ में उन्हें बच्चे की पूरी स्थिति का पता चला।एडीएम ने परिवार को तत्काल आर्थिक मदद दी। उन्होंने एक डॉक्टर को फोन करके बच्चे का पूरा इलाज करने के लिए कहा और आश्वासन दिया कि इलाज का पूरा खर्च वह स्वयं उठाएंगे। इसके बाद बच्चे को एक उिन्होंने बिना देर किए तत्काल आवश्यक व्यवस्थाएं कराईं और बालक को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल भिजवाया।साथ ही उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से भी बात कर बच्चे के इलाज में किसी प्रकार की कमी न रहने के निर्देश दिए।

# पूर्व मंत्री ने लाठीचार्ज-एनकाउंटर मामले में परिवारों से की मुलाकात

### बोले-पूरी सरकार और पुलिस भांग खाकर सोई है, 'योगी की ठोको नीति चल रही'

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर,पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने लाठीचार्ज और एनकाउंटर में घायल हुए परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान सरकार और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाएविश्वकर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पूरी सरकार और पुलिस 'भांग खाकर सोई हुई है'। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की 'ठोको नीति' चल रही है, जिसमें यह स्पष्ट नहीं है कि कौन किसे निशाना बना रहा है। पूर्व मंत्री ने सरकार पर धर्म और जाति देखकर बुलडोजर चलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किसी मंत्री, प्रभावशाली व्यक्ति या बड़े लोगों के घरों पर बुलडोजर नहीं चलाया गया, जबकि यह कार्रवाई केवल 'पीडीए' (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) वर्ग के लोगों पर हो रही है। राम मंदिर चंदा घोटाले के आरोपियों के मकानों पर बुलडोजर चलाने के सवाल पर विश्वकर्मा ने कहा कि यदि सरकार का पैमाना है कि गुनाहगारों पर कार्रवाई होगी, तो सभी गुनाहगारों पर कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे वे कितने भी बड़े क्यों न हों। उन्होंने सरकार से इस पर कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने एक साल की दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से भी मिलने का आश्वासन दिया। विश्वकर्मा ने पुलिस पर आरोप लगाया कि, परिवार से मिलने का मौका नहीं दिया। उन्होंने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस को दोनों पक्षों से मिलकर सच्चाई जाननी चाहिए थी।पूर्व मंत्री ने दावा किया कि यह एक 'फर्जी रेप की एफआईआर' हो सकती है और इसमें पैसे के लेनदेन का मामला भी सामने आया है। उन्होंने पुलिस द्वारा किए गए एनकाउंटर को 'संविधान विरोधी' बताया और कहा कि पुलिस को एनकाउंटर करने का अधिकार किसने दिया। उन्होंने सरकार पर पुलिस अधिकारियों को बचाने का भी आरोप लगाया।उन्होंने मुख्यमंत्री की 'ठोक नीति' पर सवाल उठाते हुए गुड्डू शर्मा के परिवार के लिए 10 लाख रुपये मुआवजे और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि,पुलिस ने बिना जांच के तानाशाही रवैया अपनाते हुए गुड्डू शर्मा को गांव से ले जाकर उनके दोनों पैरों में गोली मार दी।

## सम्पादकीय

# दुनिया को समाधान देने की ओर बढ़ रहा भारत

आज दुनिया के सामने कई बड़ी चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं। खाड़ी संकट ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया है। जलवायु परिवर्तन का संकट गहरा रहा है, एआई नई संभावनाओं के साथ नई चिंताएं भी पैदा कर रहा है, ऊर्जा सुरक्षा एक बड़ा प्रश्न बनी हुई है और तकनीकी प्रतिस्पर्धा वैश्विक राजनीति की दिशा तय कर रही है। ऐसे दौर में केवल वही देश प्रभावशाली भूमिका निभा पाएंगे, जो समस्याओं की पहचान ही नहीं, बल्कि उनके समाधान भी पेश कर सकें। फ्रांस में आयोजित 'भारत इनोवेट्स 2026' कार्यक्रम ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि भारत अब केवल वैश्विक परिवर्तनों का दर्शक नहीं बना रहना चाहता, बल्कि उन्हें दिशा देने की तैयारी कर रहा है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का यह कहना कि भारत नवाचार का देश है और दुनिया भारत के साथ मिलकर इनोवेशन करना चाहती है, कोई साधारण टिप्पणी नहीं है। यह उस बदलती वैश्विक धारणा का प्रतिबिंब है, जिसमें भारत को अब केवल एक बड़े उपभोक्ता बाजार के रूप में नहीं, बल्कि ज्ञान, तकनीक और नवाचार के केंद्र के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए कहा कि भारत अब केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि समाधान देने वाला देश भी बन रहा है। पिछले एक दशक में भारत ने जिस तेजी से तकनीकी और डिजिटल क्षेत्र में प्रगति की है, उसने दुनिया का ध्यान खींचा है। डिजिटल भुगतान व्यवस्था, आधार आधारित सेवाएं, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण और कम लागत वाले तकनीकी समाधान आज कई देशों के लिए अध्ययन का विषय हैं। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम दुनिया के सबसे बड़े स्टार्टअप नेटवर्क में शामिल हो चुका है। दो लाख से अधिक स्टार्टअप केवल रोजगार सृजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्त, अंतरिक्ष और कृत्रिम मेधा जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाएं भी विकसित कर रहे हैं। भारत और फ्रांस के बीच बढ़ती साझेदारी भी इसी परिवर्तन का हिस्सा है। दोनों देशों के संबंध अब केवल रक्षा सौदों या कूटनीतिक बैठकों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कृत्रिम मेधा, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष विज्ञान, स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में सहयोग भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है। यही कारण है कि 'भारत इनोवेट्स' जैसे मंचों को केवल एक कार्यक्रम के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इन्हें भारत की वैश्विक महत्वाकांक्षा के प्रतीक के रूप में समझा जाना चाहिए। हालांकि तस्वीर का दूसरा पक्ष भी उतना ही अहम है। नवाचार की वास्तविक ताकत केवल स्टार्टअप्स की संख्या से नहीं मापी जाती, बल्कि उससे पैदा होने वाले प्रभाव से तय होती है। भारत को अनुसंधान एवं विकास पर खर्च बढ़ाना होगा। युवाओं को केवल नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि समाधान विकसित करने वाला बनाने की दिशा में शिक्षा व्यवस्था को भी बदलना होगा। यह भी सच है कि आज दुनिया ऐसे देशों की तलाश में है जो प्रतिस्पर्धा के बजाय सहयोग का रास्ता दिखा सकें। यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन से लेकर डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना तक, भारत के मॉडल को दुनिया गंभीरता से देख रही है। भारत के पास यह अवसर है कि वह विकासशील देशों की आवाज बनने के साथ-साथ तकनीकी समाधान का नेतृत्व भी करे। 21वीं सदी में किसी भी देश की असली ताकत उसकी सैन्य क्षमता या आर्थिक आकार से नहीं, बल्कि दुनिया को दिए गए समाधानों से तय होगी। भारत उसी दिशा में आत्मविश्वास के साथ कदम बढ़ा चुका है।




सतर्कता
सतीश सिंह

# लापरवाही से बढ़ती धोखाधड़ी की वारदातें

भारत में बैंकिंग और डिजिटल भुगतान व्यवस्था जितनी तेजी से विस्तृत हुई है, उतनी ही तेजी से धोखाधड़ी के तौर-तरीके भी बदलते गए हैं। पहले धोखाधड़ी का बड़ा हिस्सा कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और डिजिटल भुगतान से जुड़े छोटे-छोटे मामलों में दिखाई देता था। अब तस्वीर बदल रही है। धोखाधड़ी के मामलों की संख्या घट रही है, लेकिन उनमें शामिल रकम तेजी से बढ़ रही है। यह संकेत केवल बैंकिंग तंत्र के लिए नहीं, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था और वित्तीय सुरक्षा के लिए गंभीर चेतावनी है। भारतीय रिजर्व बैंक की सालाना रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में बैंकों ने 48,021 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी दर्ज की। यह रकम एक वर्ष पहले के 32,803 करोड़ रुपये की तुलना में 46.4 प्रतिशत अधिक है।

> भारत में बैंकिंग और डिजिटल भुगतान व्यवस्था जितनी तेजी से विस्तृत हुई है, उतनी ही तेजी से धोखाधड़ी के तौर-तरीके भी बदलते गए हैं। पहले धोखाधड़ी का बड़ा हिस्सा कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और डिजिटल भुगतान से जुड़े छोटे-छोटे मामलों में दिखाई देता था। अब तस्वीर बदल रही है। धोखाधड़ी के मामलों की संख्या घट रही है, लेकिन उनमें शामिल रकम तेजी से बढ़ रही है। यह संकेत केवल बैंकिंग तंत्र के लिए नहीं, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था और वित्तीय सुरक्षा के लिए गंभीर चेतावनी है। भारतीय रिजर्व बैंक की सालाना रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में बैंकों ने 48,021 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी दर्ज की। यह रकम एक वर्ष पहले के 32,803 करोड़ रुपये की तुलना में 46.4 प्रतिशत अधिक है।

वित्त वर्ष 2023-24 में दर्ज 11,013 करोड़ रुपये की तुलना में यह चार गुना से भी ज्यादा है। दूसरी ओर, धोखाधड़ी के मामलों की संख्या में बड़ी गिरावट आई है। वित्त वर्ष 2025-26 में 10,114 मामले दर्ज हुए, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 23,722 थी। यानी मामलों की संख्या लगभग 57 प्रतिशत घटी। वित्त वर्ष 2023-24 के 35,800 मामलों की तुलना में यह गिरावट करीब 72 प्रतिशत है। आंकड़ों से पता चलता है कि बैंकिंग व्यवस्था में धोखाधड़ी की प्रकृति बदल रही है। अब छोटे और बिखरे हुए डिजिटल फ्रॉड की तुलना में बड़े कर्ज और एडवांस से जुड़े धोखाधड़ी मामले अधिक गंभीर चुनौती बनकर सामने आ रहे हैं। सबसे बड़ी चिंता कर्ज और एडवांस से जुड़े मामलों को लेकर है। वित्त वर्ष 2025-26 में कुल धोखाधड़ी राशि में इनकी हिस्सेदारी 85.5 प्रतिशत रही। कर्ज और एडवांस से जुड़े धोखाधड़ी मामलों की रकम बढ़कर 40,774 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। यह पिछले वर्ष की तुलना में 34 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 357 प्रतिशत अधिक है। ऐसे मामलों की संख्या भी बढ़कर 8,640 हो गई, जो पिछले वर्ष 7,924 थी। यह स्थिति बताती है कि बैंकिंग प्रणाली के भीतर ऋण स्वीकृति, निगरानी, मूल्यांकन और जोखिम प्रबंधन से जुड़े तंत्र को और मजबूत करने की जरूरत है। सरकारी बैंकों पर इसका सबसे अधिक असर देखने को मिल रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में सरकारी बैंकों को धोखाधड़ी के कारण 35,709 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जो पिछले वर्ष के 23,617 करोड़ रुपये की तुलना में 51 प्रतिशत अधिक है। कुल धोखाधड़ी राशि में सरकारी बैंकों की हिस्सेदारी बढ़कर 74.5 प्रतिशत हो गई। हालांकि, सरकारी बैंकों में दर्ज मामलों की संख्या घटकर 5,418 रह गई, जो एक वर्ष पहले 6,916 थी। यह स्थिति बताती है कि सरकारी बैंकों में धोखाधड़ी के मामले कम जरूर हुए हैं, लेकिन जो मामले सामने आ रहे हैं, वे अधिक बड़े और गंभीर हैं। निजी बैंक भी इस समस्या से अछूते नहीं हैं। निजी बैंकों में धोखाधड़ी की रकम बढ़कर 11,399 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष के 8,927 करोड़ रुपये से 27.7 प्रतिशत अधिक है। कुल धोखाधड़ी राशि में निजी बैंकों की हिस्सेदारी 23.7 प्रतिशत रही, जबकि कुल मामलों में उनका हिस्सा 39.1 प्रतिशत था। इसका अर्थ है कि निजी बैंकों में मामलों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है, लेकिन राशि के लिहाज से सरकारी बैंकों पर दबाव कहीं अधिक गंभीर है। इसके उलट, डिजिटल भुगतान से जुड़े



धोखाधड़ी मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और डिजिटल भुगतान से जुड़े मामलों की संख्या घटकर 293 रह गई, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 13,332 थी और वित्त वर्ष 2023-24 में 28,836 थी। इन मामलों में शामिल रकम भी घटकर 29 करोड़ रुपये रह गई, जबकि पिछले वर्ष यह 517 करोड़ रुपये थी। यह गिरावट इस बात का संकेत है कि डिजिटल भुगतान व्यवस्था में तकनीकी सुरक्षा, शिकायत निवारण, निगरानी और जन-जागरूकता के स्तर पर सुधार हुआ है। मगर इसका अर्थ यह नहीं कि आम नागरिकों के लिए खतरा समाप्त हो गया है। यूपीआई ने भारत में भुगतान व्यवस्था को आम आदमी तक पहुंचाया है। यह सुविधा जितनी उपयोगी है, उतनी ही सावधानी भी मांगती है। वित्त वर्ष 2024 में यूपीआई धोखाधड़ी के 13.42 लाख मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें कुल 1,087 करोड़ रुपये की हेराफेरी हुई।

हाल के रुझानों में इन मामलों में कमी जरूर आई है, लेकिन यूपीआई से जुड़े खतरे पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं। अधिकांश मामलों में ठग अज्ञात लिंक या क्यूआर कोड भेजते हैं, ओटीपी या पिन मांगते हैं या किसी लाभ, इनाम, कैशबैक अथवा आपात स्थिति का झांसा देकर खाते खाली कर देते हैं। साइबर ठगी की दुनिया में 'डिजिटल अरेस्ट' सबसे भयावह रूप में सामने आया है। इसमें ठग खुद को पुलिस, सीबीआई, ईडी, कस्टम या किसी अन्य जांच एजेंसी का अधिकारी बताते हैं। वे वीडियो कॉल पर पीड़ित को डराते हैं कि उसका नाम मनी लॉन्ड्रिंग, ड्रग्स तस्करी, हवाला या किसी आपराधिक मामले से जुड़ गया है। इसके बाद उसे 'डिजिटल निगरानी' या 'वर्चुअल गिरफ्तारी' के नाम पर कमरे में बंद रहने, किसी से बात न करने और पैसे ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया जाता है। कई लोग भय, सामाजिक बदनामी और कानूनी कार्रवाई के डर से लाखों-करोड़ों रुपये गंवा बैठते हैं। डिजिटल अरेस्ट का मनोविज्ञान बेहद खतरनाक है। ठग तकनीक से ज्यादा डर और भ्रम का इस्तेमाल करते हैं। वे सरकारी प्रतीकों, नकली पहचान पत्रों, वीडियो कॉल, अदालत या जांच एजेंसी जैसे शब्दों और धमकी भरे लहजे से पीड़ित को मानसिक रूप से अस्थिर कर देते हैं। धोखाधड़ी से बचने का पहला उपाय है-लालच और लापरवाही से बचना। किसी भी अनजान कॉल, लिंक, क्यूआर कोड, निवेश प्रस्ताव, लॉटरी, कैशबैक, नौकरी, कर्ज या सरकारी योजना के नाम पर मिले संदेश पर तुरंत भरोसा नहीं करना चाहिए। कोई भी बैंक, सरकारी एजेंसी, पुलिस या रिजर्व बैंक कभी फोन पर ओटीपी, पिन, पासवर्ड, कार्ड नंबर, सीवीवी या नेट बैंकिंग विवरण नहीं मांगता। किसी भी लिंक पर क्लिक करने, स्क्रीन शेयर करने, ऐप डाउनलोड करने या खाते से पैसे भेजने से पहले उसकी प्रामाणिकता जांचना जरूरी है।

दूसरा उपाय है-समय पर शिकायत करना। डिजिटल धोखाधड़ी होने पर घबराने या चुप रहने के बजाय तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करना चाहिए और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। संबंधित बैंक, यूपीआई ऐप या वॉलेट सेवा प्रदाता को भी तुरंत सूचना देनी चाहिए। बैंकिंग और डिजिटल अर्थव्यवस्था भारत की बड़ी शक्ति हैं। लेकिन यह शक्ति तभी सुरक्षित रह सकती है, जब भरोसे के साथ सावधानी भी जुड़ी रहे। धोखाधड़ी से बचाव का सबसे सरल मंत्र यही है-लालच से दूरी, लापरवाही से सावधानी और हर संदिग्ध स्थिति में तुरंत शिकायत। यही सतर्कता आम नागरिक की मेहनत की कमाई, बैंकिंग व्यवस्था की विश्वसनीयता और देश की वित्तीय सुरक्षा- तीनों की रक्षा कर सकती है।

आधी दुनिया
डॉ. मोनिका शर्मा



# हमारी बेटियों की सशक्त कदमताल

हाल ही में समानता और सशक्तिकरण के पथ पर कदमताल करती बेटियों और भारतीय सेना के लिए एक और विशेष दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज हुआ। ध्यातव्य है कि देश में पहली बार नेशनल डिफेंस एकेडमी के पहले महिला बैच की चौदह बेटियां एक साल का कठिन प्रशिक्षण पूरा कर भारतीय सेना और वायुसेना में अफसर बनी हैं। देहरादून और हैदराबाद दोनों जगहों को मिलाकर कुल 746 कैडेट्स भारतीय सेना का हिस्सा बने हैं। इनमें देहरादून की इंडियन मिलिट्री एकेडमी और हैदराबाद की डुंडीगुल एयर फोर्स एकेडमी में आयोजित एनडीए पासिंग आउट परेड-2026 के बाद 14 बेटियों को भी सेना में कमीशन मिला है। ज्ञात हो कि चार साल पहले उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद ही महिलाओं के लिए नेशनल डिफेंस एकेडमी में जाने के रास्ते खुले थे। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद अगस्त 2022 में एनडीए में महिला कैडेट्स के पहले बैच को प्रवेश मिला। 3 साल के बेहद कड़े प्रशिक्षण के बाद पिछले साल मई महीने में 18 महिला कैडेट्स ग्रेजुएट हुईं। इन्हीं में से 9 महिला कैडेट्स ने इंडियन आर्मी में ज्वाइन करने का फैसला लिया और देहरादून के इंडियन मिलिट्री अकादमी में करीब 1 साल की कड़ी ट्रेनिंग ली थी। वहीं हैदराबाद के डुंडीगल स्थित एयर फोर्स अकादमी से 5 महिला कैडेट्स ने कमीशन प्राप्त किया है। यह पहला अवसर है जब महिला कैडेट्स ने सीधे स्थायी कमीशन प्राप्त किया है। ज्ञात हो कि पहले महिलाओं को केवल 'शॉर्ट सर्विस कमीशन' के जरिए ही सेना में प्रवेश मिलता था। ऐसे में यह केवल नेशनल डिफेंस एकेडमी के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। विचारणीय है कि लैंगिक समानता और सामाजिक बदलाव लाने से लेकर रोजगार के मोर्चे तक, यह महिलाओं के लिए नई आशाओं और हौसले को जगाने वाली बात है। साथ ही यह बेटियों को अपनी रुचि, क्षमता और योग्यता के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर मिलने का परिवेश बनाने से जुड़ा बदलाव भी है। भारतीय सैन्य अकादमी की पासिंग आउट परेड के 94 साल के इतिहास में पहली बार 9 महिला कैडेट्स ने पुरुष कैडेटों के साथ 'अंतिम पग' पार कर भारतीय सेना में सैन्य अधिकारी बनना हर मोर्चे पर महिलाओं की सबलता का परिचायक है। हालांकि भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना में महिलाओं की पहले से ही भागीदारी है, पर भारतीय सैन्य अकादमी के एक लंबे सैन्य इतिहास में पुशु कैडेट्स संग साझी कदमताल का यह पल थोड़ा विशेष है। कुछ समय पहले भारतीय नौसेना ने भी पहली बार महिला नाविकों को सेवा में शामिल किया था। सुखद है कि हालिया बरसों में गणतन्त्र दिवस की परेड को कमांड करने से लेकर मुश्किल मिलिट्री ऑपरेशन्स तक, बेटियां अब आर्म्ड फोर्सेस में अहम भूमिका में दिखने लगी हैं। इतना ही नहीं, सेना की तीनों ही यूनिट्स में स्त्री शक्ति का खुले मन से स्वागत भी किया जा रहा है। अपनी योग्यता और क्षमता के बल पर महिलाएं सैन्य संसार में लीडिंग रोल में आ रही हैं। पिछले कुछ बरसों में सैन्य बलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने से जुड़े अहम बदलाव भी हुए हैं।इन्हीं बदलावों के अंतर्गत सरकार ने सेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन देने को मंजूरी दी थी। यूनियन डिफेंस मिनीस्ट्री से मिली ऑफिशियल मंजूरी के बाद भारतीय सेना के सभी दस हिस्सों में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन मिला है। इन डिपार्टमेंट्स में आर्मी एयर डिफेंस, सिग्नल्स, इंजीनियर्स, आर्मी एविएशन, इलेक्ट्रॉनिक्स व मैकेनिकल इंजीनियरिंग, आर्मी सर्विस कॉर्प्स और इंटेलिजेंस कॉर्प्स आदि शामिल हैं। यह सैन्य बलों में नारी शक्ति की बढ़ती भागीदारी की ही बानगी है कि कर्तव्य पथ पर महिला दस्ते की अगुआई में परेड होना भी एक अहम शुरुआत रही। 72वें रिपब्लिक डे के अवसर पर पहली बार थल सेना, नौसेना और वायु सेना के महिला सैन्य दल भी परेड में शामिल हुए थे। दरअसल, वर्ष 1992 तक महिलाओं को केवल सशस्त्र सेना मेडिकल कोर में शामिल किया जाता था। नौसेना में भी महिलाओं को कुछ चुनी हुई शाखाओं में अल्पकालिक कमीशन अफ़सर के रूप में भर्ती किया जाता था। यहां तक कि लड़कियों के लिए सैनिक स्कूलों में पढ़ने के रास्ते भी हाल ही में खुले हैं।

# बड़े भाग मानुष तनु पावा



संकलित

दर्शन

संवाद का ऐसा सांगोपांग निर्वहन संसार के किसी स्मृति साहित्य में नहीं मिलेगा, जो श्रीरामचरितमानस में है। पूरा मानस भक्त काकभुशुंडि और ज्ञानी पक्षीराज गरुड़ के बीच का संवाद है। भक्त काकभुशुंडि वक्ता हैं और ज्ञानी गरुड़ श्रोता हैं। भक्त प्रतिपादन कर रहा है और ज्ञानी जिज्ञासा कर रहा है। भक्त के प्रतिपादन में भावना का वह समुद्र लहराता है, जिसमें तनिक भी खारापन नहीं होता है और ज्ञानी की जिज्ञासा में कुतर्क का अभाव होता है। भक्त और ज्ञानी दोनों का परम उद्देश्य रामराज्य है, जो आचरण के उपादान के बगैर संभव नहीं है। समग्र रामकथा श्रवण के पश्चात पक्षीराज गरुण काकभुशुंडि जी से सात प्रश्नों की जिज्ञासा करते हैं। पहला प्रश्न पूछते हुए वह कहते हैं कि सबसे दुर्लभ शरीर कौन सा है? काकभुशुंडि जी उत्तर देते हैं कि मनुष्य शरीर सबसे दुर्लभ है, क्योंकि मैंने स्वयं भी इसी शरीर के रहते भगवान और उनकी भक्ति को पाया है। वह कहते हैं कि मनुष्य तन ही वह उपलब्धि है, जो मोक्ष सुख का अनुभव भी करा सकता है। स्वर्ग के सुख को लोग भले ही श्रेष्ठ मानते हों, पर अंत में वह भी अल्प है और दुख का कारण बनता है। भक्त के जीवन में जो प्राप्त शरीर है, वह भी आराध्य को पाने का उपादान होने के कारण पूज्य हो जाता है। संसार में भी किसी व्यक्ति के सहयोग से यदि हमें कुछ विशेष उपलब्धि हो गई हो तो हम जीवन भर उसके कृतज्ञ रहते हैं, उसी प्रकार काकभुशुंडि जी कह रहे हैं कि शरीर मिथ्या तो तब होगा, जब इसका उद्देश्य भोगों की प्राप्ति हो।

# झूठे आरोप का सामना बुद्धिमानी व धैर्य के साथ करें




संकलित

प्रेरणा

उस समय द्वारका में सत्राजित नाम का व्यक्ति था, वह सूर्य भक्त था। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर सूर्य देव ने उसे स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। इस मणि की खास बात ये थी कि ये हर रोज बीस तोला सोना देती थी। मणि की वजह से सत्राजित बहुत धनवान हो गया था। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में दे देंगे तो राज व्यवस्था के लिए हमें भी थोड़ा धन मिल जाएगा। श्रीकृष्ण की बात सुनकर सत्राजित ने मणि देने से मना कर दिया। सत्राजित की ना सुनकर श्रीकृष्ण वहां से अपने महल लौट आए। सत्राजित का एक भाई था प्रसेनजित। प्रसेनजित ने अपने भाई को बिना बताए उसकी स्यमंतक मणि ले ली और जंगल में शिकार खेलने चला गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। प्रसेनजित के पास से स्यमंतक मणि वहीं गिर गई। इधर सत्राजित को अपना भाई और मणि दिखाई नहीं दी तो उसने पूरी द्वारका में ये खबर फैला दी कि कृष्ण ने मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई प्रसेनजित की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण ने विचार किया कि इस कलंक को मिटाना होगा। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पंजों के निशान दिखाई दिए। श्रीकृष्ण मणि खोजने लगे। वहीं पास में एक गुफा के बाहर कुछ बच्चे मणि से खेल रहे थे, श्रीकृष्ण ने मणि देख ली। उस गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण गुफा में पहुंचे। गुफा में श्रीकृष्ण और जामवंत का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीते तो जामवंत ने अपनी पुत्री जामवती का विवाह श्रीकृष्ण से कर दिया और स्यमंतक मणि भी दे दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत-बांग्लादेश संबंधों में बढ़ता अविश्वास

भारत और बांग्लादेश के संबंध दक्षिण एशिया की कूटनीति में विशेष महत्व रखते हैं। वर्ष 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता के समय भारत ने जिस प्रकार राजनीतिक, सैन्य और मानवीय सहयोग प्रदान किया, उसने दोनों देशों के बीच मैत्री और विश्वास की मजबूत नींव रखी। पिछले पांच दशकों में व्यापार, सुरक्षा, ऊर्जा, संपर्क, जल संसाधन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति तथा बांग्लादेश की विकासोन्मुख विदेश नीति ने भी संबंधों को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं। इसके बावजूद हाल के वर्षों में दोनों देशों के संबंधों में तनाव और अविश्वास के संकेत दिखाई दिए हैं। दोनों देशों के बीच विश्वास और सहयोग दक्षिण एशिया की स्थिरता और समृद्धि के लिए आवश्यक है।

*- प्रशांत त्यागी, जदगलपुर*

## ट्रेंड

### हर संकल्प पूरा किया



प्रधानमंत्री मोदी सिर्फ कहते नहीं है, बल्कि उसे करके भी दिखाते है। चाहे जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना हो, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो, हमने अपने हर संकल्प को पूरा किया है।
**- राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री

### विदेशी ताकतें



कमजोर प्रधानमंत्री के राज मे, भारतीय होने का मतलब है पूरी तरह बर्बाद हो जाना। विदेशी ताकतें हमारे नागरिकों को मार देती हैं। हमारी सरकार एक आज्ञाकारी नौकर की तरह चुपचाप आदेश मानती है- और हमारे नागरिकों को मरने के लिए छोड़ दिया जाता है।
**-राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### विकसित भारत की दिशा



गुवाहाटी-सिलचर एक्सप्रेसवे, नामरूप फर्टिलाइजर प्लांट और कामाख्या कॉरिडोर सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स नहीं हैं। ये लाखों लोगों की उम्मीदों में निवेश और विकसित भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है। - **हिमंत बिस्वा सरमा**, सीएम, असम

### बिहार की समृद्ध विरासत



नालंदा की बावन बूटी साड़ी और फ़ैब्रिक, गया की पत्थरकट्टी स्टोन क्राफ्ट और भोजपुर की पिड़िया पेंटिंग को ज्योग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) टैग मिला है। इससे देश और दुनिया में बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का मान और बढ़ेगा।
**- नीतीश कुमार**, सांसद, राज्य सभा

## करंट अफेयर

# भारत नवाचार का देश है फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार को कहा कि भारत नवाचार का देश है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) और जलवायु परिवर्तन जैसे अहम क्षेत्रों में भारत और फ्रांस के बीच सच्ची साझेदारी है। मैक्रों यहां आयोजित 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जिसका उद्घाटन उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ किया। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा, 'हम 'मेक-इन-इंडिया' पहल का सम्मान करते हैं। फ्रांस विभिन्न क्षेत्रों में इसका हिस्सा रहा है।' उन्होंने कहा, ''भारत नवाचार का देश है। एआई और जलवायु परिवर्तन जैसे अहम क्षेत्रों में भारत-फ्रांस के बीच सच्ची साझेदारी है।'



## ऑफ बीट

# नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान

श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है - यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं



## संक्षेप

### शटडाउन में बिजली सप्लाई शुरू होने से संविदाकर्मी की मौत

**अमेठी में हादसा, परिजनों ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की**

अमेठी ,कस्बे के मुंशीगंज रोड पर देर शाम बिजली लाइन ठीक करते समय करंट लगने से एक संविदा कर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान जंगल टिकरी गांव निवासी शिव कुमार गुप्ता के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल पहुंचे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे।जानकारी के अनुसार, महमूदपुर निवासी अनीश अहमद ने शिकायत की थी कि उनके घर के सामने से गुजर रही बिजली लाइन का तार टीन शेड से छू रहा है, जिससे करंट फैलने का खतरा था। शिकायत मिलने पर शिव कुमार गुप्ता अपने साथी अनूप के साथ मौके पर पहुंचे और लाइन की मरम्मत का कार्य शुरू किया। परिजनों का आरोप है कि मरम्मत कार्य शुरू करने से पहले शटडाउन लिया गया था, लेकिन काम के दौरान अचानक बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। इसी दौरान शिव कुमार करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए।स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शिव कुमार गुप्ता पिछले कई सालों से अमेठी पावर हाउस पर संविदा कर्मी के रूप में तैनात थे।उनकी मौत के बाद परिवार में शोक का माहौल है। उनकी पत्नी संजू, पुत्र गंगा सागर और पुत्रियां भूमि व साक्षी सहित परिजनों का दुखद स्थिति में हैं।मृतक के भाई सुग्रीव ने आरोप लगाया है कि बिजली आपूर्ति बहाल करने वाले कर्मचारी की उनके भाई से पुरानी रंजिश थी। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### पुलिस का सघन चेकिंग अभियान

**सड़क हादसे रोकने को ब्रेथ एनालाइजर से हुई वाहनों की जांच**

अमेठी , पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर गौरीगंज टोल प्लाजा पर वाहनों की सघन जांच की गई।इस दौरान ट्रक, भारी वाणिज्यिक वाहन , स्लीपर बस और ईको कैब सहित विभिन्न प्रकार के वाहनों को रोका गया। अभियान के तहत ब्रेथ एनालाइजर मशीन का उपयोग कर शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले चालकों की पहचान की गई। यातायात निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में शुरू हुए इस अभियान में प्रभारी यातायात शोभमथ की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।अमेठी में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। चेकिंग के दौरान, शराब पीकर वाहन चलाने, तेज गति से गाड़ी चलाने, सीट बेल्ट न लगाने और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत प्रवर्तनात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया। उन्हें निर्धारित गति सीमा का पालन करने, हमेशा सीट बेल्ट लगाने और शराब पीकर वाहन न चलाने की सलाह दी गई। एसपी अमेठी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।

## निर्माणाधीन पुलिया में लगाई जा रही पुरानी सरिया को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**ठेकेदार ने 2500 रुपए हजार बेच दी पुरानी पुलिया की ईट**

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। बहराइच के शिवपुर विकासखंड में एक निमार्णाधीन पुलिया की कम लंबाई और पुरानी सरिया के इस्तेमाल को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने पुलिया की लंबाई बढ़ाने और पुरानी सरिया का उपयोग बंद करने की मांग की है। यह पुलिया पिपरिया ग्राम पंचायत के चमारनपुरवा से नबाबबांग्ला, डल्लापुरवा, गिरदा, पाठकपुरवा, अरनवा और चौकसाहार को जोड़ने वाले मार्ग पर बन रही है। ग्रामीणों ने पुलिया की लंबाई कम होने और घटिया सामग्री, विशेषकर पुरानी सरिया के उपयोग पर आपत्ति जताई है ग्रामीणों का आरोप है कि यह क्षेत्र जिला मुख्यालय से दूर और बाढ़ प्रभावित है।पहले यहां 30 मीटर लंबी पुलिया थी, जिसे तोड़कर अब केवल 15 मीटर लंबी पुलिया बनाई जा रही है।उनका कहना है कि जब 30 मीटर की पुलिया बाढ़ में नहीं टिक पाई, तो 15 मीटर की पुलिया कैसे टिकेगी। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पुरानी पुलिया से निकली ईंटें ठेकेदार विनोद कुमार द्वारा 2500 रुपये प्रति हजार की दर से बेची गई हैं। साथ ही, पुरानी पुलिया से निकाली गई सरिया का ही नई पुलिया के निर्माण में इस्तेमाल किया जा रहा है।इस संबंध में ठेकेदार विनोद कुमार ने बताया कि इंजीनियर द्वारा नाले को देखकर ही खाका तैयार किया गया है और पुलिया अच्छी बनाई जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि सामग्री में हुई किसी भी अनदेखी को हटाकर मानक के अनुसार सामग्री लगाई जाएगी।प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को शासन-प्रशासन द्वारा अनसुना किया गया, तो वे इससे भी बड़ा आंदोलन करेंगे।यह मार्ग प्रतिदिन लगभग चार हजार राहगीरों द्वारा उपयोग किया जाता है और कई ग्राम पंचायतों को जोड़ता है।

## योग सप्ताह के दूसरे दिन निकाली गई भव्य जागरूकता रैली, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, सबलापुर में आयोजित योग सप्ताह के दूसरे दिन बुधवार को एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य आमजन को योग के प्रति जागरूक करना तथा नियमित योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय की डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला ने किया।महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ हुई इस रैली में छात्र-छात्राओं, चिकित्सकों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने ₹करो योग, रहो निरोग₹, ₹योग अपनाएं, रोग भगाएं₹ तथा ₹स्वस्थ भारत का आधार, योग करे हर परिवार₹ जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से योग के महत्व का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतीश चन्द्र तिवारी ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन एवं सकारात्मक जीवन दृष्टि प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।उन्होंने सभी से अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रशासनिक प्रबंधक श्री विनोद त्रिपाठी, डॉ. निशा शर्मा, डॉ. देवेश कुमार तिवारी, डॉ. चन्द्र शेखर, डॉ. मुकेश माहिच, डॉ. उमेश नारायण मिश्रा, डॉ. प्रियंका शर्मा, डॉ. इरफान कुरैशी, डॉ. निधि पोरवाल, डॉ. कल्पना, डॉ. अर्चना, डॉ. संगीता एवं सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कर्बला की पैमाइश के लिए ग्रामीणों का प्रदर्शन



अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबियाहार निवासी शहनाज, झगरू, मेडई, इरफान, मोहम्मद हनीफ, हफीजुल्लाह सहित लगभग एक दर्जनो ग्रामीणों ने मांग प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने बताया कि संम्मनपुरवा के पास उनकी कर्बला की भूमि है, जिसमें ताजिया खाक ए सुपुर्द किया जाता है, जिसमे उनके द्वारा खुदाई करवाई जा रही थी, जिसे कुछ लोगों ने मना कर दिया। इसी बात को लेकर प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को तहसील नानपारा पहुंचकर मजिस्ट्रेट को प्रार्थना पत्र दिया। समाधान न होने पर आज बुधवार 4:00 बजे ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर कर्बला पैमाइश की मांग की है।इस संबंध में संबंधित लेखपाल अमरेंद्र कुमार ने बताया कि सक्षम अधिकारी के आदेश मिलने पर जल्द ही पैमाइश की जाएगी।

## पुलिस पर केस दर्ज बदलने, आरोपियों को बचाने का आरोप

**'जय श्रीराम' के नारे लगवाने के मामले में कांग्रेसी डीएम -एसपी से मिले**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर ,युवकों से मारपीट, नकदी-मशीन लूटने और जबरन 'जय श्री राम' के नारे लगवाने का मामला गरमा गया है।इस मामले में कांग्रेसियों ने पीड़ित के साथ जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। उनका आरोप है कि चांदा पुलिस ने मूल तहरीर बदलकर हल्की धाराओं में केस दर्ज किया और नामजद आरोपियों को बचाया। प्रतापगढ़ के आसपुर देवसरा निवासी आफताब आलम ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वे अपने रिश्तेदार जीशान के साथ सुलतानपुर के दोस्तपुर से ढकवा बाजार जा रहे थे। रास्ते में कमल, चंदन, सूरज राजा और तीन अज्ञात सहित कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया। पीड़ितों का आरोप है कि इन लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज और गंभीर मारपीट की, साथ ही जबरन 'जय श्री राम' का नारा लगाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर रिश्तेदारों के साथ भी मारपीट की गई।आफताब आलम ने यह भी आरोप लगाया कि हमलावरों ने उनसे 25,000 रुपये नकद और एक ड्रिल मशीन छीन ली। घटना का वीडियो भी बनाया गया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। डर और अस्वस्थता के कारण पीड़ित तुरंत थाने नहीं पहुंच सका। बाद में, जब घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, तो पीड़ित ने हिम्मत जुटाकर 11 जून को चांदा थाने में शिकायत दर्ज कराई।पीड़ित आफताब आलम का आरोप है कि पुलिस ने उसकी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया। थाने में उसकी मूल तहरीर को दरकिनार कर पुलिस ने अपनी मर्जी से तैयार की गई एक तहरीर पर उसके हस्ताक्षर करवा लिए। पीड़ित के अनुसार, एफआईआर में मुख्य आरोपियों के नाम बदल दिए गए, कुछ नाम हटा दिए गए और लूटपाट व धार्मिक उत्पीड़न के आरोपों को पूरी तरह छिपा दिया गया।यह भी आरोप है कि पुलिस ने पीड़ित को गाड़ी में बैठाकर मनमुताबिक बयान देने के लिए दबाव बनाया।

## चंदनपुर गांव में तेंदुए के हमले में युवक घायल सीएचसी में भर्ती

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के रेंज मोतीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदनपुर गांव निवासी अख्तर सुबह खेत को जा रहे थे इसी बीच सड़क किनारे गन्ने के खेत में पहले से ही घात लगाकर बैठे तेंदुए ने अचानक उस पर हमला कर दिया युवक की चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े तब जाकर तेंदुआ युवक को छोड़कर गन्ना के खेत में चला गया।घायल युवक को परिजनों ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा पहुंचाया जहां पर उसका इलाज हो रहा है। दिन में तेंदुए द्वारा किए गए हमले से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है।इस संबंध में डीएफओ अपूर्व दीक्षित ने बताया कि तेंदुए के हमले की जानकारी मिली है एक व्यक्ति को मामूली खरोच आई है क्षेत्र में गस्त बढ़ा दी गई है।

## ऑपरेशन चक्रव्यूह के 100 दिन पूरे

**चोरी 52% और लूट 85% घटी, 608 अपराधी जेल भेजे गए**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी ,पुलिस के 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' ने अपने 100 दिन पूरे कर लिए हैं। 1 मार्च को शुरू हुए इस अभियान के तहत जिले में टेक्नोलॉजी और डेटा आधारित पेट्रोलिंग के जरिए अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई की गई है। इसके परिणामस्वरूप चोरी की घटनाओं में 52 प्रतिशत और लूट की घटनाओं में 85 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी के नेतृत्व में कानून व्यवस्था में सुधार के उद्देश्य से 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' की शुरूआत की गई थी। इस 100 दिवसीय अभियान का मुख्य फोकस वैज्ञानिक, डेटा आधारित और टेक्नोलॉजी बेस्ड पुलिस पेट्रोलिंग के माध्यम से अपराध पर अंकुश लगाना था।इस ऑपरेशन में जीआईएस टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया। पुलिस ने पिछले तीन वर्षों में जिले में हुई चोरी और लूट की सभी घटनाओं के स्थानों की मैपिंग की। इस मैपिंग के आधार पर संवेदनशील हॉटस्पॉट चिन्हित किए गए, जहां रात-दिन गश्त और चेकिंग बढ़ाई गई।अभियान के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस और अपराधियों के बीच 8 मुठभेड़ हुईं। अब तक कुल 608 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसके अतिरिक्त, 2 करोड़ 56 लाख रुपये के मादक पदार्थ भी बरामद किए गए, जिससे नशे के कारोबार पर भी अंकुश लगा है।एसपी अमेठी ने बताया कि टेक्नोलॉजी के साथ पुलिसिंग का यह मॉडल भविष्य में भी जारी रहेगा, ताकि अमेठी को अपराध मुक्त बनाया जा सके।

## बेटे का शव मां को मत दिखाना, ताबूत नहीं खोलना

**अलीगढ़ में 50 घंटे बाद बताया तो दहाड़े मारकर रोई, विमान क्रैश में गई थी जान**

अमन लेखनी समाचार




अलीगढ़ ,असम विमान हादसे में शहीद हुए यूपी के जवान जितेंद्र शर्मा का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव अलीगढ़ के सालपुर पहुंचा है। घर से 200 मीटर दूर खेत में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इधर, जितेंद्र के भाई रमाकांत ने 50 घंटे बाद 72 साल की बूढ़ी मां को बताया कि उनका बेटा शहीद हो गया है।यह सुनते ही मां दहाड़े मारकर रोने लगीं। रोते हुए बोलीं- अरे मेरे लाल, मेरे फौजी जीतूड्ड तू कहां चला गया बेटा। एक बार आ जा, तेरी मां तेरा इंतजार कर रही है। तेरी आवाज सुनने को तरस गई हूं बेटा एक बार आ जा। मां अपने बेटे का पार्थिव शरीर नहीं देख पाएंगी, क्योंकि जितेंद्र का ताबूत नहीं खोला जाएगा। बताया जा रहा कि हादसे में शव पूरी तरह जल गया था। इसी वजह से अफसरों ने परिवार से ताबूत न खोलने के लिए कहा है। सीओ संजीव कुमार तोमर ने भी बताया कि शहीद के ताबूत को नहीं खोला जाएगा। सुबह करीब 10 बजे भारतीय वायुसेना का अठ-32 परिवहन विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में एयरफोर्स के सार्जेंट जितेंद्र शर्मा समेत 5 जवानों की मौत हो गई थी। अलीगढ़ के गांव सालपुर निवासी जितेंद्र शर्मा सात भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। परिवार में उनकी मां राजेश्वरी देवी और दो बड़े भाई रमाकांत व भूपेंद्र साथ रहते हैं। उनका चयन 1 जनवरी 2015 को भारतीय वायुसेना में हुआ था। करीब 11 वर्षों तक उन्होंने देश की सेवा की। उन्होंने टप्पल क्षेत्र के डीआरजी इंटर कॉलेज, धनीपुरा कुराना से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की थी। इसके बाद अलीगढ़ में कोचिंग कर भारतीय वायुसेना में चयनित हुए थे। जितेंद्र के पिता कालीचरण उर्फ करुआ शर्मा का करीब 12 वर्ष पहले निधन हो गया था। पिता की मौत के बाद मां राजेश्वरी देवी ने ही सभी बच्चों का पालन-पोषण किया। परिजन ने बताया कि जितेंद्र हाल ही में छुट्टी पर गांव आए थे और 5 जून को ड्यूटी पर लौटे थे। घर में उनकी शादी की तैयारियों को लेकर भी चर्चा चल रही थी। उन्होंने विवाह के लिए एक लड़की भी देखी थी और परिवार जल्द ही शादी की प्रक्रिया आगे बढ़ाने वाला था। लेकिन इससे पहले ही हादसे में उनकी मौत हो गई।

## अवैध पेड़ कटान का आरोप

**वन विभाग से ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग**

अमन लेखनी समाचार




देवरिया , एक तरफ सरकार और वन विभाग पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़े स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चला रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध पेड़ कटान के आरोप सामने आ रहे हैं। ताजा मामला भटनी थाना क्षेत्र की सिसई ग्राम सभा का है, जहां ग्रामीणों ने बिना अनुमति फलदार और बहुमूल्य पेड़ों की कटाई किए जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में लकड़ी ठेकेदार खुलेआम पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। उनका दावा है कि कई पेड़ बिना वैध अनुमति या परमिट के काटे जा रहे हैं, जबकि संबंधित विभागों की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण के अभियान चला रही है, लेकिन दूसरी ओर वर्षों पुराने फलदार और छायादार पेड़ों का कटना इन प्रयासों की गंभीरता पर सवाल खड़ा करता है। उनका मानना है कि यदि पुराने पेड़ों को बचाने पर ध्यान नहीं दिया गया तो वृक्षारोपण अभियानों का उद्देश्य भी प्रभावित होगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में नियमों की अनदेखी कर लकड़ी का अवैध कारोबार संचालित हो रहा है। उनका कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो इलाके की हरियाली और पर्यावरण संतुलन को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। गौरतलब है कि देवरिया में पहले भी अवैध पेड़ कटान को लेकर विवाद सामने आ चुके हैं। कई मामलों में वन विभाग और लकड़ी कारोबारियों के बीच विवाद की स्थिति भी बनी थी। इसके बावजूद अवैध कटान की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं।

ग्रामीणों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोगों ने जिला प्रशासन तथा वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि मौजूदा पेड़ों को बचाना भी उतना ही आवश्यक है। हालांकि, इस मामले में वन विभाग या जिला प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि कटान वैध अनुमति के तहत हुई है या नियमों का उल्लंघन किया गया है।

## जिला कारागार में बंदी की मौत, मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

**प्रतापगढ़ में एडीएम सदर को जिम्मेदारी, जिलाधिकारी को देंगे रिपोर्ट**

अमन लेखनी समाचार





प्रतापगढ़, जिला कारागार में एक बंदी की मृत्यु के मामले में जिला प्रशासन ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए एडीएम (सदर) को जांच अधिकारी नियुक्त किया है।जानकारी के अनुसार, जिला कारागार में सजा काट रहे 72 वर्षीय बंदी राधेश्याम पुत्र राम खेलावन, निवासी गोगौर थाना बाघराय की 4 जून 2026 को सुबह 6:56 बजे जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। बंदी एक पुराने आपराधिक मामले में सजा काट रहा था।प्रशासन ने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा-निदेर्शों, महानिदेशक कारागार के परिपत्र तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194(4) के तहत कारागार में बंदी की मृत्यु के हर मामले में स्वतंत्र जांच अनिवार्य है। नामित जांच अधिकारी घटना से जुड़ी सभी परिस्थितियों, उपलब्ध साक्ष्यों, अभिलेखों और संबंधित व्यक्तियों के बयान दर्ज कर विस्तृत जांच करेंगे।जांच पूरी होने के बाद निर्धारित समय सीमा में रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी।

## क्लर्क गैरहाजिर मिलने पर डीएम ने जारी किया नोटिस

**जिला पुस्तकालय, विनियमित क्षेत्र कार्यालय व अस्पताल का किया निरीक्षण**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय और मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राममोहन मीना ने जिला पुस्तकालय, विनियमित क्षेत्र कार्यालय और शिवसत स्थित 100 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय का संयुक्त निरीक्षण किया।उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रस्तावित पुस्तकालय स्थल का निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था को एक सप्ताह के भीतर निर्माण कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और आकर्षक अध्ययन कक्ष विकसित किए जाएं तथा रचनात्मक गतिविधियों के लिए भी पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराया जाए। इसके बाद जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विनियमित क्षेत्र कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय के लिपिक अमन दूबे अनुपस्थित पाए गए।साथ ही कार्यालय में अभिलेखों और पत्रावलियों का रख-रखाव भी संतोषजनक नहीं मिला। विभिन्न बिंदुओं पर स्पष्ट जानकारी उपलब्ध न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।उन्होंने लिपिक अमन दूबे के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने और अगले दिन पूर्वाह्न 10 बजे जिलाधिकारी कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए। साथ ही उमेश श्रीवास्तव को कार्यालय का कार्य देखने की जिम्मेदारी सौंपी गई। डीएम ने अपने समक्ष कार्यालय में ताला बंद कराया और स्पष्ट कहा कि सरकारी कार्यों में अनुशासनहीनता और लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी ।

## संक्षेप

### डीएम-एसपी ने बागपत में किया निरीक्षण

**इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की निगरानी व्यवस्था परखी**

बागपत , डीएम अस्मिता लाल और पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने सोमवार को इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेंटर में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, डेटा मॉनिटरिंग सिस्टम और तकनीकी संसाधनों की विस्तार से समीक्षा की। अधिकारियों ने कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों से कार्यप्रणाली की जानकारी ली।उन्होंने यह भी जाना कि शहर और जनपद के प्रमुख स्थानों पर निगरानी व्यवस्था किस प्रकार संचालित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान, डीएम और एसपी ने कैमरों की कार्यक्षमता, रिकॉर्डिंग व्यवस्था, रियल टाइम मॉनिटरिंग तथा आपात स्थिति में प्रतिक्रिया प्रणाली का भी जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगरानी प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाया जाए, ताकि किसी भी आपराधिक या आपात स्थिति पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि यह तकनीक आधारित व्यवस्था जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, इसलिए इसकी निरंतर मॉनिटरिंग और नियमित रखरखाव अत्यंत आवश्यक है।पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम से प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी नेटवर्क को अधिक से अधिक क्षेत्रों तक विस्तारित कर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक बागपत सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने संयुक्त रूप से कहा कि इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर जनपद की सुरक्षा व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण आधार है, जिसे आधुनिक तकनीकों के माध्यम से लगातार सशक्त किया जा रहा है।

### सपा का भाजपा पर भर्ती में आरक्षण घोटाले का आरोप

**जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी बोले- गांव-गांव जाकर लोगों को करेंगे जागरूक**

बागपत , समाजवादी पार्टी (सपा) के जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर विभिन्न सरकारी भर्तियों में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) आरक्षण के नियमों का उल्लंघन कर घोटाला करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हुई कई भर्तियों में आरक्षण नियमों का पालन नहीं किया गया, जिससे बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आई हैं। मनोज चौधरी ने जिला कार्यालय पर पत्रकार वार्ता के दौरान शिक्षक भर्ती, वन एवं वन्यजीव रक्षक भर्ती, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की भर्ती, ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती, नेत्र परीक्षण अधिकारी भर्ती, पुलिस कांस्टेबल भर्ती, लेखपाल भर्ती, पशु चिकित्सक भर्ती, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी भर्ती, चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) भर्ती और चिकित्सा अधिकारी (होम्योपैथी) भर्ती सहित कई विभागों में भर्ती प्रक्रिया के दौरान घोटाले होने का दावा किया। आपत्तिजनक पोस्ट पर कार्रवाई की मांग सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी इन मुद्दों को लगातार उठाती रही है

# दोनों इकलौते चिरागों का सूर्य हुआ अस्त घर में मचा कोहराम

## 20 घंटे बाद दूसरे बच्चे प्रतीक पाण्डेय का शव हुआ बरामद

अमनलेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर /चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा निवासी सरजू प्रसाद पाण्डेय का पौत्र प्रतीक पांडे उम्र 11 वर्ष पुत्र प्रमोद पाण्डेय एक पखवारा पूर्व दिल्ली से अपने पैतृक गांव चांदपुर आया था उसके पश्चात अपने ननिहाल चरई गांव गया वहां से अपनी मौसी शालू मिश्रा के गांव जाफरगंज कस्बा गया था मंगलवार सुबह अपने मौसा योगेश मिश्रा एवं उनके भतीजे ऋषभ मिश्रा उम्र 13 वर्ष पुत्र अभिषेक मिश्रा के साथ पास के ही बिंदौर गांव के सती यमुना घाट घूमने एवं नहाने के लिए गया था दोनों ही बालक यमुना नदी में नहाने लगे इसी दौरान बच्चों का पैर फिसल गया गहरे पानी में जाने लगे गह देखते ही चीख पुकार मच गई सूचना पर पहुंची क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन ने स्थानीय एवं प्रशासनिक गोताखोरों की मदद से कड़ी में मशक्कत के बाद बालक ऋषभ मिश्रा का शव बरामद किया तथा दूसरे बालक की तलाश जारी रही बुधवार की सुबह दूसरे बालक प्रतीक पांडे का भी शव बरामद किया गया पुलिस प्रशासन ने दोनों ही बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पोस्टमार्टम के पश्चात दोनों ही बालकों का अपने-अपने गांव के यमुना घाटों में अंतिम संस्कार किया गया दोनों ही नन्हें बालकों के शवों को देखकर स्थानीय महिलाएं एवं ग्रामीण दहल उठे इस दौरान बाबा सरजू पाण्डेय दादी कृष्णा देवी मां प्रियंका पाण्डेय सोनू पाण्डेय गुड़िया देवी समेत पारिवारिक जनों में कोहराम मचा रहा वही दोनों बच्चों के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार यमुना घाट किनारे किया गया

# बिजली संकट से आहत ग्रामीणों ने उपकेंद्र में की नारेबाजी

अमनलेखनी समाचार




गाजीपुर, फतेहपुर। जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव पखरौली में विगत कई महीनो से विद्युत आपूर्ति की समस्या निरंतर आ रही है जहां इस समस्या से आहत होकर ग्रामीण आक्रोशित होकर विद्युत उपकेंद्र पहुंचे तथा गाजीपुर विद्युत उपकेंद्र परिसर में बने अवर अभियंता कार्यालय का घेराव किया विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए गांव की विद्युत आपूर्ति को ठीक कराने की मांग की वही ग्रामीणों ने बताया कि गांव में ज्यादा कनेक्शन हो जाने के कारण छोटा ट्रांसफार्मर लोड नहीं ले रहा जिसके लिए बड़े ट्रांसफार्मर द्वारा आपूर्ति करनी अति आवश्यक है इस मामले को लेकर कई बार अधिशासी अभियंता से भी ग्रामीण बातचीत कर चुके हैं परंतु किसी भी अधिकारी ने ग्रामीणों को संतुष्ट नहीं किया इसी कारण कल गांव के लगभग आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों ने पहुंच कर जमकर तांडव किया वहीं मौजूद एसडीओ राहुल सागर को ज्ञापन सौंपा गया स्वीकृत करते हुए एसडीओ ने जल्द ही समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया इस मौके पर ग्रामीण मालती मनीष बेगम गायत्री देवी ममता देवी गया परवीन रेशमा जब्बर सिंह सद्दीक लल्ली अधिवक्ता राम सिंह समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे

# ये मेरठ हमारा है...' कहकर कारों के काफिले संग हुड़दंग

**पुलिस स्टिकर लगी गाड़ियां भी शामिल, वीडियो पर लोग बोले- कार्रवाई हो**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,कारों के काफिले के साथ सड़क पर स्टंटबाजी और दबंगई का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।वीडियो में कई युवक वाहनों के साथ शक्ति प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं। ऑडियो में एक युवक खुद को इलाके का दबंग बताते हुए अभद्र भाषा का इस्तेमाल करता सुनाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है।वायरल वीडियो कथित तौर पर इंचौली थाना क्षेत्र के लावड़ रोड का बताया जा रहा है। वीडियो में कई कारें एक साथ सड़क पर दौड़ती दिखाई दे रही हैं।इस दौरान युवक यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए हुड़दंग मचाते नजर आते हैं। वीडियो की ऑडियो में एक युवक ये मेरठ हमारा है कहते हुए गाली-गलौच करता सुनाई देता है, जिससे सोशल मीडिया पर लोगों की नाराजगी और बढ़ गई है। सोशल मीडिया पर किए जा रहे दावों के अनुसार वीडियो में ऋतिक जाटव उर्फ डिगी और उसके कुछ साथी दिखाई दे रहे हैं। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय चचाओं के मुताबिक संबंधित युवक का नाम पहले भी कई विवादों से जुड़ चुका है। हाल ही में उसके जेल से बाहर आने की भी चर्चा है।

# नाबालिक लड़की को रफूचक्कर करने वाला युवक हुआ गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र कस्बे में विगत 6 जून को कस्बे के दारागंज निवासी युवक गुलफाम पुत्र सगीर मंसूरी ने एक 16 वर्षीय युवती को प्रेम प्रसंग के चलते रफू चक्कर कर दिया युवती अपने घर में बाजार जाने को बता कर निकली तथा युवक के साथ रफू चक्कर हो गई पीड़ित परिजनों ने नजदीकी थाने में तहरीर देते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया वही मुकदमा दर्ज करते हुए थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने खोजबीन प्रारंभ की ठीक 10 दिन बाद मुखबिर की सूचना के आधार पर कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक बिन्देश कुमार गिरि महिला आरक्षी शिवानी यादव तथा प्रियंका सेन ने कस्बे के साढ मार्ग मेला के समीप से नाबालिक युवती को हिरासत में ले लिया वहीं मौके पर मौजूद आरोपी युवक गुलफाम को भी गिरफ्तार किया गया युवक से जानकारी ली गई तो उसने बताया की दोनों आपस में विगत काफी दिनों से प्रेम प्रसंग में जुड़े थे जहां दोनों विवाह करना चाहते थे इस कारण दोनों ने मिलकर संगोष्ठी बनाई और निकल गए वही जानकारी लेने पर थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की गई वहीं युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए जनपद भेजा गया है

# अधिवक्ता संघ चुनाव के विजेता पदाधिकारियों ने ग्रहण की शपथ

अमन लेखनी समाचार




बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बिंदकी बार एसोसिएशन अधिवक्ता संघ के चुनाव के पश्चात सभी विजेता पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार ने अधिवक्ता संघ चुनाव के विजेता अध्यक्ष कल्यान सिंह यादव महामंत्री प्रतिभा पटेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश कुमार गौतम कनिष्ठ उपाध्यक्ष अखिलेश चंद्र कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार पुस्तकालय सचिव दिवाकर तिवारी संयुक्त सचिव प्रशासन नीलम द्विवेदी संयुक्त सचिव प्रशासन राकेश कुमार श्रीवास समेत सभी वरिष्ठ तथा कनिष्ठ सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी शंकर यादव द्वारा किया गया शपथ ग्रहण के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार ने अधिवक्ताओं को यूनिफॉर्म पहनने की प्राथमिकता बताई उन्होंने कहा कि अधिवक्ता के लिए उसकी पोशाक केवल पहचान ही नहीं बल्कि उसका गौरव भी होता है इसलिए सभी अधिवक्ताओं को अपनी पोशाक पर विशेष ध्यान देना चाहिए वही समय-समय पर हड़ताल करने वाले अधिवक्ताओं को भी आगाह करते हुए न्यायाधीश ने कहा कि केवल हड़ताल करना ही उचित नहीं है बल्कि एक दूसरे का विश्व बंधुत्व की भावना रखते हुए सहयोग करना भी एक अमूल्य मुहिम है सभी अधिवक्ताओं को समय-समय पर एक होकर एक दूसरे का सहयोग करते हुए सभी समस्याओं का समाधान करना चाहिए इस मौके पर सीजीएम आशुतोष न्याय अधिकारी बिंदकी राज्यवर्धन तिवारी जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव महामंत्री अनुराग मिश्रा पूर्व अध्यक्ष बलिराज उमराव महेंद्र बहादुर सिंह बच्चा समेत भारी संख्या में अधिवक्ता गण मौजूद रहे

# संगीत सोम पर मुस्लिम महिलाओं ने की नोटों की बारिश

**गलियों में घूमे पूर्व विधायक, छतों से बरसाए फूल**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,भारतीय जनता पार्टी के फायरब्रांड नेता संगीत सोम पर मुस्लिम महिलाओं ने नोटों की बारिश कर दी। महिलाएं घरों की छतों पर गुलाब के फूलों की पंखुड़ियां और नोट लेकर खड़ी हो गईं।जैसे ही वहां से संगीत सोम का काफिला गुजरा तो महिलाओं ने संगीत सोम के ऊपर फूल और नोट बरसा दिए। संगीत सोम सरधना सीट से भाजपा से पूर्व विधायक रहे हैं। अब आगामी विधानसभा चुनाव 2027 के लिए भी पूरी तैयारी में हैं।

### छतों पर खड़ी महिलाओं ने बरसाए नोट

मुस्लिम महिलाओं द्वारा सोम पर नोट, फूल बरसाने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।कुछ लोगों ने इस वीडियो को बनाकर इसे सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया है।वीडियो में साफ दिख रहा है कि संगीत सोम गलियों में अंदर जा रहे हैं।उनके साथ पूरा काफिला है। जिसमें कुछ ढोल वाले भी नजर आ रहे हैं। ढोल वाले संगीत सोम के आगे ढोल बजाते हुए चल रहे हैं।उनके पीछे संगीत सोम की सिक्योरिटी और फिर सोम खुद हैं। मुस्लिम विरोधी बयान देते हैं सोम जैसे ही सोम का काफिला गली में पहुंचता है तो छतों पर पहले से खड़ी मुस्लिम महिलाएं फूल बरसाने लगती हैं।फूलों के साथ नोटों की बारिश होने लगती है। ये पूरा मामला लावड़ कस्बे का बताया जा रहा है।जहां जनसंपर्क करने पहुंचे संगीत सोम पर महिलाओं ने नोट बरसाए हैं

# गीता पर हाथ रखकर अपराध नहीं करने की कसम खाई

## हिस्ट्रीशीटर-बदमाशों की परेड कराई, पुलिस बोली- सब क्लीन कर देंगे

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद ,पुलिस कमिश्नरेट ने अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था मजबूत करने के लिए 'ऑपरेशन क्लीन' अभियान चलाया।इसके तहत कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के कल भट्ट इलाके में अपराधियों का विशेष सत्यापन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने किया। अभियान में सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली नगर, थाना कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक, सभी चौकी प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इस दौरान क्षेत्र के कई अपराधियों, हिस्ट्रीशीटरों और गैंगस्टर एक्ट में शामिल व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। पुलिस ने उनकी वर्तमान गतिविधियों, निवास स्थान और आचरण से संबंधित जानकारी जुटाई।

### भविष्य में कोई अपराध नहीं करेंगे

पुलिस अधिकारियों ने अपराधियों को कानून का पालन करने और समाज में शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। अभियान की खास बात यह रही कि मौजूद लोगों ने हाथ में श्रीमद्भगवद्गीता लेकर भविष्य में कोई अपराध न करने की शपथ ली।कई अपराधियों के हाथों में 'हम शपथ लेते हैं कि भविष्य में कोई अपराध नहीं करेंगे' लिखे बैनर भी थे। अभियान के दौरान कुछ अपराधियों ने 'योगी जी, हमसे गलती हो गई, अब आगे से कोई गलत काम नहीं करेंगे' जैसे नारे भी लगाए। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझाया कि अपराध का रास्ता छोड़कर सामान्य और सम्मानजनक जीवन अपनाना ही उनके और समाज के हित में है।डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि 'ऑपरेशन क्लीन' का उद्देश्य अपराधियों पर निगरानी रखना है।शांति एवं सुरक्षा का माहौल बनाए रखने में मदद मिलेगीडीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि 'ऑपरेशन क्लीन' का उद्देश्य अपराधियों पर निगरानी रखना, उनकी गतिविधियों का सत्यापन करना और उन्हें अपराध से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि गाजियाबाद पुलिस अपराध और अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है और ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।पुलिस का मानना है कि इस तरह के अभियानों से अपराध पर अंकुश लगाने और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का माहौल बनाए रखने में मदद मिलेगी।

# मोबाइल चुराकर दूसरे जिलों में बेचते थे

## पुलिस ने 8 लाख रुपए के 30 मोबाइल किए बरामद, दो आरोपी अरेस्ट

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,पुलिस ने लिसाड़ी गेट थानाक्षेत्र से मोबाइल चोरों का गैंग पकड़ा है।दो लोगों के इस गैंग में पुलिस ने आरोपी वसीम उसके साथी अनस उर्फ अंचू को अरेस्ट किया है।ये दोनों ही आरोपी मेरठ से मोबाइल चुराकर उसे आसपास के जिलों में जाकर कम कीमतों पर बेचते थे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के 30 मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। इनकी कीमत लगभग 8 लाख रुपए हैं।

एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले ने बताया कि शहर के मुख्य चौराहों से लेकर अन्य जगहों पर सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके जरिए पुलिस ने मोबाइल चोरी करने के गैंग को पकड़ा है।इसमें वसीम और अनस उर्फ अंचू दो आरोपियों को अरेस्ट किया गया है। इनके पास से पुलिस को मौके पर 4 मोबाइल मिले, बाद में पूछताछ करने पर इसकी निशानदेही पर पुलिस ने कुल 30 मोबाइल जो चोरी के हैं वो जब्त किए हैं।ये मोबाइल इन दोनों ने हापुड़ बस अड्डे से लेकर रेलवे स्टेशनों व अन्य जगहों से चुराए हैं। आरोपियों को अरेस्ट कर जेल भेज दिया है।ये दोनों ही मिलकर मोबाइल चोरी की वारदातों को लगातार अंजाम दे रहे थे।

### आरोपियों की क्राइम हिस्ट्री खंगाली जा रही

इनकी क्राइम हिस्ट्री भी पुलिस खंगाल रही है। जो 30 एंड्रायड मोबाइल मिले हैं उनकी कीमत लगभग 8 लाख रुपए है।ये दोनों एक जिले से मोबाइल चुराते उन्हें दूसरे जिलों में जाकर बेचते थे।अब तक किन लोगों को मोबाइल बेचा है इसकी भी जांच की जा रही है। दो साल से कर रहे मोबाइल चोरी वसीम की उम्र 26 साल है वो श्यामनगर बाबर वाली गली लिसाड़ी गेट का रहने वाला है।जबकि अनस मछली बाजार हसीन गार्डन 20 फुटा रोड लोहियानगर थानाक्षेत्र का रहने वाला है।दोनों ने पूछताछ में बताया कि पिछले दो साल से ये इस काम में लगे हैं।

# दोस्त ने सोने के कड़े के लिए की हत्या

**पहले शराब पिलाई फिर डंडे से पीट-पीटकर मार डाला, बॉडी भी जलाई**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा में एसी मैकेनिक हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है।इस सनसनीखेज वारदात को उसके दोस्त ने ही अंजाम दिया था।पुलिस जांच में सामने आया कि एसी मैकेनिक अपनी मां के सोने के कड़े चोरी कर लाया था।कड़ों के लालच में दोस्त उसे सुनसान जगह ले गया, नशा कराया और फिर डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी।कासना थाना क्षेत्र के दौला राजपुरा निवासी हुजैफ का शव चीरसी नहर के पास मिला था। शव मिलने के बाद पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन टीमें गठित की गईं।इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से पुलिस आरोपी शहजाद तक पहुंच गई।मोबाइल खरीदने के लिए मां के कड़े चुराए थे डीसीपी ग्रेटर नोएडा प्रवीण रंजन सिंह के मुताबिक, हुजैफ और शहजाद दोनों दोस्त थे और नशे के आदी थे। हुजैफ मोबाइल फोन खरीदने और एसी का काम बढ़ाने के लिए परिजनों से पैसे मांग रहा था।जब परिवार ने पैसे देने से इनकार कर दिया तो उसने अपनी मां के चार सोने के कड़े चोरी कर लिए।

# कारोबारी से 34.93 लाख की ठगी

## वाट्सऐप ग्रुप से जोड़कर जाल में फंसाया, निकासी के लिए 15 लाख और मांगे

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,ऑनलाइन ट्रेडिंग में भारी मुनाफा कमाने का लालच देकर साइबर ठगों ने एक कारोबारी से 34.93 लाख रुपये की ठगी कर ली। आरोपियों ने पहले पीड़ित को व्हाट्सऐप ग्रुप से जोड़ा और फिर निवेश के नाम पर बड़ी रकम जमा करवा ली।जब कारोबारी ने अपना पैसा निकालने की कोशिश की तो निकासी रोक दी गई। मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिसरख निवासी पंकज प्रिया रंजन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ लोगों ने व्हाट्सऐप के माध्यम से उनसे संपर्क किया।उन्होंने खुद को निवेश सलाहकार बताते हुए एक ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर निवेश करने की सलाह दी।शुरूआत में अधिक मुनाफे का भरोसा दिलाकर उनका विश्वास जीता गया।अलग-अलग चरणों में लगाए करीब 35 लाख रुपएपीड़ित के मुताबिक ठगों ने उन्हें लगातार निवेश बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उनके झांसे में आकर उन्होंने अलग-अलग चरणों में कुल 34 लाख 93 हजार 850 रुपये निवेश कर दिए।प्लेटफॉर्म पर उन्हें लगातार मुनाफा दिखाया जाता रहा, जिससे उन्हें लगा कि उनका निवेश सुरक्षित है और अच्छा रिटर्न मिल रहा है। रकम निकालने पहुंचे तो सामने आई ठगीपंकज ने जब अपनी जमा राशि और दिखाए जा रहे मुनाफे को निकालने का प्रयास किया तो ठगों ने निकासी रोक दी।

# जेवर एयरपोर्ट से पहली फ्लाइट शुरू

## जमीन देने वाले किसान लखनऊ पहुंचकर योगी से मिले, डॉ. राशिद बोलीं- आप पीएम बनें

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ानें शुरू हो गई हैं। लखनऊ से इंडिगो की फ्लाइट पहली बार यहां उतरी।वाटर कैनन से फ्लाइट को सलामी दी गई। यह फ्लाइट 161 यात्रियों को लेकर बेंगलुरु जाएगी। दूसरी फ्लाइट से एयरपोर्ट निर्माण के लिए अपनी जमीन देने वाले 20 महिलाओं समेत 170 किसान नोएडा से लखनऊ पहुंचे और सीएम योगी से मुलाकात की।इस दौरान डॉक्टर हेरा राशिद ने सीएम योगी से कहा- जिस भूमि पर मेरे पिता अन्न उगाते थे, आज उसी भूमि से उड़ान भरकर मैं आपसे मिलने आई हूं। एक समय ऐसा था, जब पढ़ने की सुविधा नहीं थी।जैसे-जैसे विकास हुआ, हमारे क्षेत्र में तरक्की बढ़ी और सुविधाएं आईं।मैंने बिना कोचिंग के नीट निकाला।ये सब आपकी वजह से हुआ। मैं चाहती हूं कि आप भविष्य में प्रधानमंत्री बनें।इससे पहले लखनऊ एयरपोर्ट पर व्हीलचेयर से विमान से पहुंचीं किसान कमलेश ने कहा- बहुत अच्छा लग रहा है। किसान रीता ने कहा- मैंने चार बीघा जमीन दी थी। पहली बार फ्लाइट में बैठी थी। बहुत मजा आया। 7 घंटे का सफर 1 घंटे में पूरा हुआ। हम लोग राम मंदिर के दर्शन भी करेंगे। एयरपोर्ट का उद्घाटन पीएम मोदी ने 28 मार्च को किया था। पहले फेज का काम पूरा हो गया। इसमें करीब 3300 एकड़ जमीन पर टर्मिनल और रनवे बनाए हैं।

## अहरौरा के तालाब में निकला 6 फीट लंबा मगरमच्छ, वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव



गरौठा। गरौठा तहसील क्षेत्र के बामौर रेंज अंतर्गत ग्राम अहरौरा के तालाब में करीब 6 फीट लंबा मगरमच्छ दिखाई देने से पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। तालाब के आसपास मौजूद ग्रामीणों ने जैसे ही मगरमच्छ को देखा, लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। एहतियात के तौर पर ग्रामीणों ने तालाब के पास लोगों और मवेशियों का आना-जाना रोक दिया तथा तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी बामौर रेंज गरौठा जगदंबिका पाठक के निर्देशन में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने स्थिति का जायजा लेने के बाद सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद जाल की मदद से मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया गया। रेस्क्यू के दौरान वन विभाग की टीम ने पूरी सतर्कता बरती, जिससे मगरमच्छ को किसी प्रकार की चोट न पहुंचे और आसपास मौजूद लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके। वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू के बाद मगरमच्छ को उसके प्राकृतिक आवास खिरिया घाट नदी में सुरक्षित छोड़ दिया। मगरमच्छ को सुरक्षित स्थान पर छोड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और वन विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बरसात के मौसम में जलस्तर बढ़ने और जल स्रोतों के आपस में जुड़ने के कारण मगरमच्छ सहित अन्य जलीय वन्यजीव कई बार तालाबों और निचले क्षेत्रों तक पहुंच जाते हैं। ऐसी स्थिति में लोगों को घबराने के बजाय तुरंत वन विभाग को सूचना देनी चाहिए तथा स्वयं किसी भी प्रकार का रेस्क्यू करने या वन्यजीव के पास जाने का प्रयास नहीं करना चाहिए। रेस्क्यू अभियान में डिप्टी रेंजर हेमंत कुमार, वन कर्मी केशव चौधरी, चालक रविशंकर, रामलखन सहित वन विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रतापपुरा में बेतवा नदी से अवैध खनन जारी, प्रशासनिक कार्रवाई की मांग



अमन लेखनी समाचार

गरौठा। झांसी जनपद के प्रतापपुरा क्षेत्र में बेतवा नदी से अवैध बालू खनन किए जाने के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि खनन कार्य के दौरान प्रतिबंधित पोकलैंड मशीनों का उपयोग किया जा रहा है तथा नदी की जलधारा को प्रभावित कर बालू निकाली जा रही है। आरोप है कि खनन गतिविधियां निर्धारित नियमों एवं पर्यावरणीय मानकों के विपरीत संचालित हो रही हैं। लोगों का यह भी दावा है कि बिना वैध रॉयल्टी के भारी वाहन दिन-रात बालू का परिवहन कर रहे हैं, जिससे सरकार को राजस्व हानि हो रही है। बताया जा रहा है कि संबंधित बालू घाट का पट्टा नदी किनारे के क्षेत्र के लिए आवंटित है। वहीं, सामने आई तस्वीरों में नदी के भीतर मशीनों से खनन होता साफ दिखाई दे रहा है। अब देखना होगा कि प्रशासन और खनिज विभाग इस मामले में क्या कदम उठाते हैं।

## पिछड़े जनपद से विकसित सोनभद्र की ओर बढ़ते कदम, विकास प्रदर्शनी में दिखेगी नई तस्वीर

**17 से 20 जून तक पंचायत रिसोर्स सेंटर में आयोजित होगी भव्य विकास प्रदर्शनी।**

**केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ेंगे आमजन।**

**जिलाधिकारी ने तैयारियों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद सोनभद्र के पंचायत रिसोर्स सेंटर में दिनांक 17 जून से 20 जून 2026 तक चार दिवसीय भव्य विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं तथा सुशासन की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाया जाएगा तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से जोड़े जाने का कार्य भी किया जाएगा, जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनी में विशेष रूप से जनपद सोनभद्र में तकनीकी, डिजिटल सेवाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना तथा ग्रामीण विकास के क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा। कभी पिछड़े जनपदों की श्रेणी में गिने जाने वाले सोनभद्र की विकास यात्रा एवं बदलती तस्वीर को आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल माध्यमों से आमजन के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे लोग जनपद की प्रगति एवं उपलब्धियों से परिचित हो सकें। इस दौरान जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने पंचायत रिसोर्स सेंटर पहुंचकर प्रदर्शनी स्थल पर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रदर्शनी को आकर्षक, व्यवस्थित एवं जनोपयोगी बनाने के निर्देश दिए तथा विभिन्न विभागों को अपनी उपलब्धियों एवं योजनाओं का प्रभावी प्रदर्शन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सेल्फी विथ पीएम, लाभार्थी अनुभव साझा कार्यक्रम, योजनाओं हेतु पंजीकरण एवं जन-जागरूकता गतिविधियों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी में पहुंचकर विकास कार्यों का अवलोकन करने एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

## खास समाचार

### पद्म पुरस्कार-2027 हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 ने अवगत कराया है कि आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2027 के अवसर पर प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री पुरस्कारों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों के लिए कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, लोक प्रशासन, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि, विशिष्ट योगदान एवं उल्लेखनीय सेवा करने वाले व्यक्तियों के नामांकन अपेक्षित हैं। इच्छुक महानुभाव अथवा उनके नामांकनकर्ता के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन फाइनल सब्मिट करने के उपरांत उसकी हार्ड कॉपी तथा आवेदक के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से संबंधित ष्साइटेशनष की तीन प्रतियां कार्यालय जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, विकास भवन, कक्ष संख्या-68, सोनभद्र में 20 जुलाई, 2026 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं, ताकि नामांकन की अग्रेतर कार्यवाही समय से पूर्ण की जा सके। जनपद के योग्य एवं विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त व्यक्तियों से इस अवसर का लाभ उठाते हुए समयबद्ध रूप से आवेदन करने की अपील की गई है।

### कुटुंब न्यायालय, सोनभद्र में परामर्शदाता (काउंसलर) पद हेतु आवेदन आमंत्रित

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सोनभद्र ने अवगत कराया है कि कुटुंब न्यायालय अधिनियम-1984 के अंतर्गत स्थापित कुटुंब न्यायालय, सोनभद्र में उत्तर प्रदेश कुटुंब न्यायालय नियमावली -1995 के नियम 26(1) के अंतर्गत परामर्शदाता (काउंसलर) के एक पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पद हेतु अभ्यर्थी के पास समाजशास्त्र अथवा मनोविज्ञान विषय में स्नातकोत्तर उपाधि तथा समाज सेवा का अनुभव होना आवश्यक है। सामाजिक कार्य में उच्च योग्यता एवं पारिवारिक काउंसलिंग का कम से कम दो वर्ष का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता प्रदान की जाएगी। आवेदन के समय अभ्यर्थी की आयु 35 से 65 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र, शैक्षिक योग्यता, अनुभव एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रतियों सहित 22 जून, 2026 तक प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायालय, सोनभद्र में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी कुटुंब न्यायालय, सोनभद्र के प्रशासनिक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### समयबद्ध न्याय की दिशा में बड़ा कदम 1076 लंबित राजस्व वादों के निस्तारण हेतु विशेष अभियान 17 से 23 जून तक

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जनपद में समय-सीमा से अधिक अवधि से लंबित राजस्व वादों के प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में 17 जून से 23 जून 2026 तक एक सप्ताह का विशेष राजस्व निस्तारण अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान कुल 1076 लंबित राजस्व वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। इनमें कुर्रा बंटवारा (धारा-116), नामांतरण (धारा-34), पैमाइश (धारा-24), मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना तथा स्वामित्व/घरौनी योजना से संबंधित प्रकरण प्रमुख रूप से शामिल हैं। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को अभियान अवधि में विशेष रुचि लेकर वादों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

## पुराने कपड़ों के वितरण में आत्मसम्मान का संदेश, शुभकामना फाउंडेशन की अनूठी पहल

अमन लेखनी समाचार

दुद्धी (सोनभद्र)। समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय शुभकामना फाउंडेशन ने नगवां गांव में एक अभिनव एवं प्रेरणादायक पहल करते हुए जरूरतमंद बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों के बीच पुराने लेकिन साफ-सुथरे एवं उपयोगी कपड़ों का वितरण किया। यह कपड़े विभिन्न सहयोगकताओं द्वारा मानवता की सेवा के उद्देश्य से दान स्वरूप उपलब्ध कराए गए थे। कार्यक्रम की सबसे विशेष बात यह रही कि प्रत्येक कपड़े के बदले लाभार्थियों से प्रतीकात्मक रूप से 1 का योगदान लिया गया। पहली दृष्टि में यह व्यवस्था लोगों को आश्चर्यचकित कर सकती थी, किंतु इसके पीछे छिपा संदेश अत्यंत भावनात्मक और दूरदर्शी था। फाउंडेशन के प्रतिनिधि सुभाष राय ने बताया कि संस्था का उद्देश्य किसी भी व्यक्ति को दान या भिक्षा लेने का एहसास कराना नहीं, बल्कि उसके आत्मसम्मान को सशक्त करना है। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति किसी वस्तु के बदले प्रतीकात्मक मूल्य भी अदा करता है, तो उसमें स्वाभिमान, जिम्मेदारी और श्रम के महत्व की भावना विकसित होती है। यह पहल विशेष रूप से बच्चों को यह संदेश देने के लिए की गई कि जीवन में किसी भी वस्तु या सुविधा को प्राप्त करने के लिए परिश्रम और मूल्य का महत्व समझना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ह्लहम चाहते हैं कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति स्वयं को सम्मानित महसूस करे। सहायता का वास्तविक उद्देश्य केवल वस्तु देना नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और आत्मसम्मान को भी मजबूत करना है। एक रुपये का यह योगदान उसी सोच का प्रतीक है ह्व गांव के लोगों ने इस नई सोच का स्वागत किया और बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने बिना किसी आपत्ति के इस पहल को स्वीकार किया। इस जनहितकारी कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी सुबरन जी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों,कालेश्वर, राजेंद्र, पानवा देवी एवं मालती देवी सहित अनेकों ग्रामीण उपस्थित रहे। शुभकामना फाउंडेशन की यह पहल केवल कपड़ों के वितरण तक सीमित नहीं रही, बल्कि समाज में आत्मसम्मान, श्रम के मूल्य और स्वावलंबन की भावना को बढ़ावा देने का एक प्रेरणादायक संदेश भी बन गई।

## सदर तहसील से हटेगा रॉबर्ट्सगंज नाम

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। सदर विधायक भूपेश चौबे जी की पहल एवं शासन स्तर पर किए गए प्रयासों के अनुरूप जनपद सोनभद्र की ऐतिहासिक एवं भौगोलिक पहचान को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ द्वारा सदर तहसील का नाम रॉबर्ट्सगंज से परिवर्तित कर सोनभद्र किए जाने तथा ग्राम टाड़के डौर उर्फ रॉबर्ट्सगंज का नाम परिवर्तित कर केवल ग्राम टाड़ के डौर किए जाने का प्रस्ताव मंडलायुक्त को प्रेषित किया गया है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि जनपद की पहचान को एकरूपता प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्व में नगर पालिका परिषद रॉबर्ट्सगंज का नाम परिवर्तित कर नगर पालिका परिषद सोनभद्र किया जा चुका है। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन एवं रोडवेज स्टेशन का नाम भी रॉबर्ट्सगंज के स्थान पर सोनभद्र किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि सदर तहसील एवं ग्राम टाड़के डौर उर्फ रॉबर्ट्सगंज के नाम परिवर्तन का प्रकरण वर्ष 2022 से विभिन्न स्तरों पर विचाराधीन था।

## राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश, जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा

**लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करें, लापरवाही पर होगी जवाबदेही- जिलाधिकारी।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा लक्ष्य प्राप्ति में पिछड़ने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने तहसील स्तर पर बकायेदारों के विरुद्ध प्रभावी वसूली कार्रवाई, आरसी का नियमित मिलान, सरकारी भूमि की सुरक्षा तथा जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व मुकदमों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए तथा भूमि संबंधी विवादों का समाधान मौके पर जाकर सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को त्वरित न्याय मिल सके। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं राजस्व कार्मिकों को अपने दायित्वों का गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ निर्वहन करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनता के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय न होने पाए। बैठक के दौरान परिवहन विभाग को ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग में पकड़े जाने वाले वाहनों के साथ-साथ संबंधित खदान एवं परमिट धारकों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बाजार में बिकने वाली खाद्य सामग्री की नियमित जांच कराई जाए तथा मिलावटखोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सघन अभियान चलाया जाए। उन्होंने निर्धारित मानकों एवं शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक ढंग से किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) वागीश कुमार शुक्ला, उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी ध्रुव गुप्ता, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी रामलाल यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## इंडियन बैंक शाखा प्रबंधक के खिलाफ ग्राहकों का प्रदर्शन, अभद्र व्यवहार व अनियमितताओं की जांच की मांग

अमन लेखनी समाचार



चोपन/सोनभद्र। इंडियन बैंक की सलखन-चोपन शाखा में कथित अभद्र व्यवहार एवं बैंकिंग कार्यों में अनियमितताओं को लेकर ग्राहकों में आक्रोश देखने को मिला। सोमवार को बैंक परिसर के बाहर दर्जनों लोगों ने प्रदर्शन कर शाखा प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की तथा उच्च अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि शाखा प्रबंधक द्वारा ग्राहकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया जाता तथा बैंक में आने वाले लोगों से अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जाता है। इस संबंध में क्षेत्रीय प्रबंधक, जोनल प्रबंधक, बैंक के नोडल अधिकारी तथा भारतीय रिजर्व बैंक के ग्राहक सेवा विभाग को लिखित शिकायत भी भेजी गई है। शिकायतकताओं ने आरोप लगाया है कि बैंक में केवाईसी (ङउ) संबंधी कार्यों के नाम पर एक वृद्ध ग्राहक से धनराशि लिए जाने की घटना सामने आई है। शिकायत में इसकी जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही शाखा के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने, संबंधित कर्मचारियों एवं प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज करने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई गई है। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने कहा कि बैंकिंग सेवाओं में पारदर्शिता एवं ग्राहकों के सम्मान से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस संबंध में बैंक प्रबंधन की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी है। क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है तथा लोग जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

## डंकिनगंज मेडिकल स्टोर का वीडियो वायरल: बिना पर्चे दवाएं बिक्री, फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति पर सवाल

अमन लेखनी समाचार

मिर्जापुर। जनपद में दवा बिक्री की अनियमितताओं को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। डंकिनगंज चौराहे पर स्थित एक मेडिकल स्टोर का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के दवाएं बेची जा रही हैं। वीडियो में एक वृद्ध महिला दवाएं देते हुए साफ दिखाई दे रही हैं, जिससे फार्मासिस्ट की उपस्थिति और उनकी योग्यता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। शिकायतकताओं का आरोप है कि स्टोर पर दवाएं प्रति पत्ता के हिसाब से अधिक दाम पर बिना किसी चिकित्सकीय पर्चे के बेची जा रही थीं। पूरे घटनाक्रम को शिकायतकताओं ने मोबाइल पर रिकॉर्ड कर लिया।शिकायतकताओं ने बताया कि जब उन्होंने इसकी शिकायत ड्रग इंस्पेक्टर से फोन पर की, तो इंस्पेक्टर ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन बिना पर्चे दवा बिक्री की वैधता पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। नियमों का ाँ शैल्ल३ उल्लंघन दवा विक्रय के नियमों के अनुसार, मेडिकल स्टोर पर पंजीकृत और योग्य फार्मासिस्ट की उपस्थिति अनिवार्य है। वृद्ध महिला द्वारा दवा बेचे जाने से आशंका जताई जा रही है कि स्टोर पर या तो योग्य फार्मासिस्ट नहीं है या वह अनुपस्थित रहता है। शिकायतकताओं ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला प्रशासन तथा पुलिस विभाग से तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, वीडियो और लिखित शिकायत संबंधित अधिकारियों तक पहुंचा दी गई है।स्वास्थ्य के लिए खतरा चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि बिना डॉक्टर की सलाह के कुछ दवाओं का सेवन गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं, साइड इफेक्ट्स और यहां तक कि जानलेवा परिणाम भी पैदा कर सकता है। यदि आरोप सही पाए गए तो यह न केवल दवा नियमन नियमों का उल्लंघन है, बल्कि जन स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मामला भी माना जाएगा।ड्रग विभाग पर उठे सवाल यह घटना ड्रग विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर रही है। नियमित जांच होने के बावजूद ऐसी अनियमितताएं कैसे जारी हैं, यह स्थानीय लोगों का प्रमुख सवाल है।फिलहाल मामले में संबंधित विभागों की आधिकारिक जांच का इंतजार है।

## 36 दिन की पदयात्रा के बाद गोविन्द दास का दावा: 2027 में बस्ती में होगी बागेश्वर धाम सरकार की कथा

**धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने दिया वचन, मार्च-अप्रैल 2027 में कथा आयोजन की तैयारी शुरू करने का आह्वान**

अमन लेखनी समाचार



बस्ती/ बागेश्वर धाम सरकार के श्रद्धालु गोविन्द दास ने दावा किया है कि बस्ती में वर्ष 2027 के मार्च-अप्रैल माह में बागेश्वर धाम सरकार की कथा आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि गुरु वशिष्ठ की धरती बस्ती से शुरू हुई उनकी 36 दिवसीय पदयात्रा बागेश्वर धाम पहुंचकर सम्पन्न हुई, जहां उन्होंने बस्ती में कथा आयोजन का संकल्प परम पूज्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के समक्ष रखा। प्रेस वार्ता में गोविंद दास ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य बस्ती में बागेश्वर धाम सरकार की कथा कराना, सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना, समाज को एकजुट करना तथा गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने और हिंदू राष्ट्र के विचार को जन-जन तक पहुंचाना था। उन्होंने बताया कि बागेश्वर धाम पहुंचने पर उनकी बात को विस्तार से सुना गया। गोविंद दास ने अपने गुरु राजू दास का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने कथा आयोजन के संकल्प को महाराज जी के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा। गोविन्द दास के अनुसार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने केवल आश्वासन ही नहीं बल्कि वचन दिया कि वर्ष 2027 के मार्च-अप्रैल माह में बस्ती में कथा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब बस्ती के सनातन समाज को इस आयोजन के लिए तन, मन और धन से तैयार होना चाहिए। कथा आयोजन को लेकर जल्द ही एक समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकताओं और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को जोड़ा जाएगा। समिति आयोजन की रूपरेखा तैयार कर आगे की रणनीति तय करेगी। गोविन्द दास ने कहा कि यात्रा के दौरान कई प्रकार की चुनौतियां और व्यवधान सामने आए, लेकिन उन्होंने इसे सनातन परंपरा में तप और संघर्ष का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि जैसे भगवान राम और ऋषि-मुनियों को भी अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था, उसी प्रकार उन्होंने भी बाधाओं के बीच अपने संकल्प को पूरा किया। उन्होंने कहा कि यह प्रेस वार्ता बस्ती के लोगों को कथा आयोजन की जानकारी देने और उन्हें आगामी तैयारियों के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है।

## साइबर टीम द्वारा साइबर फ्रॉड के शिकार व्यक्ति को वापस कराए गए 5,000/- रुपये

अमन लेखनी समाचार





सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल के दिशा-निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश राय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बभनी की साइबर टीम को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। आवेदक राजकुमार पुत्र स्व. रामजस निवासी ग्राम धनवार, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र के बैंक खाते से साइबर ठगी के माध्यम से 5,000/- रुपये की धनराशि कट गई थी। घटना के संबंध में पीड़ित द्वारा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत प्राप्त होने पर थाना बभनी पुलिस एवं साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए तथा संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर होल्ड कराई गई धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया। पुलिस की तत्परता एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरूप पीड़ित को उसकी पूरी 5,000/- रुपये की धनराशि सफलतापूर्वक वापस प्राप्त हो गई।धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित द्वारा सोनभद्र पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनकी कार्यशैली की सराहना की गई।

## उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ मिर्जापुर डिपो का नवगठन

मीरजापुरः उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ प्रयागराज क्षेत्र के अंतर्गत संचालित मिर्जापुर डिपो की शाखा का चुनाव सोमवार 16 जून 2026 को सम्पन्न हो गया। चुनाव पर्यवेक्षक नन्द लालपाल (क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष) की देखरेख एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष चन्द्र बली उपाध्याय की उपस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई।नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की सूची निम्नलिखित है:संरक्षकः रुद्र प्रसाद विश्वकर्मा (वरिष्ठ लिपिक) शाखा अध्यक्षः रविप्रताप सिंह (कनिष्ठ लिपिक) उपाध्यक्षः शहनवाज अहमद (चालक), जय कुमार (चालक) शाखा मंत्रीः अशुतोष कुमार मिश्रा (सहायक यातायात निरीक्षक) संयुक्त मंत्रीः भाष्कर सिंह (बुकिंग लिपिक), विकास चन्द्र मिश्र (परिचालक) संगठन मंत्रीः अवधेश कुमार पटेल (परिचालक) शाखा कोषाध्यक्षः भीम सिंह (परिचालक) कार्यालय मंत्रीः अमन कुमार दूबेकार्यकारिणी सदस्यः वकास सिंह, बिनोद कुमार मौर्य, भूपेन्द्र सिंह आदि।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक- श्रीमती अखिलेश सिंह**


**समाचार सम्पादक - रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

लाइफ Style



# समारा ने चुलबुले अंदाज से जीता फैंस का दिल...

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी ने अपने क्यूट अंदाज, आत्मविश्वास और कैमरा-फ्रेंडली स्टाइल से एक बार फिर सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया है। रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। रिद्धिमा कपूर साहनी और भरत साहनी की बेटी समारा को हाल ही में पैपराजी ने स्पॉट किया। इस दौरान वे ऑल-डेनिम लुक में चुलबुले अंदाज में नजर आईं। पैप्स को देखते हुए उन्होंने पाउट बनाकर पोज देना शुरू कर दिए। उन्हें देख नेटिजंस लिख रहे हैं कि लगता है समारा मामी आलिया भट्ट की राह पर आगे बढ़ेंगी। समारा ने कैमरा-फ्रेंडली पोज से सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी हैं।



# दिव्या

## सुमन के किरदार से राख में लगाए चार चांद

हाल ही में रिलीज हुई अली फजल की वेब सीरीज 'राख बीते कुछ दिनों से काफी चर्चाओं में है। इसमें दिव्या शर्मा ने सुमन का किरदार निभाया है, जिनका अपहरण हो जाता है और सीरीज की पूरी कहानी उन्हें ढूंढने और अपराधी को पकड़ने के इर्द गिर्द घूमती है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


दिव्या शर्मा एक नई और उभरती हुई एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने हाल ही में आई क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज राख में सुमन का किरदार निभाकर काफी ध्यान खींचा है। इस सीरीज में उनका रोल बेहद अहम है, क्योंकि कहानी सुमन और उसके भाई के अचानक गायब होने के इर्द-गिर्द घूमती है। दिव्या ने इस किरदार को बहुत ही सादगी और इमोशन के साथ निभाया है, जिससे दर्शकों पर गहरा असर पड़ा है। सीरीज में सुमन को एक 16 साल की मासूम लेकिन समझदार लड़की के रूप में दिखाया गया है, जो अपने भाई के साथ घर से निकलती है और फिर दोनों लापता हो जाते हैं। इसके बाद पूरी कहानी उनकी तलाश और इस रहस्य को सुलझाने पर आधारित होती है। दिव्या शर्मा की एक्टिंग इस किरदार में काफी नेचुरल और प्रभावशाली नजर आती है, जो उन्हें खास बनाती है। इससे पहले दिव्या 'ग्राम चिकित्सालय' में जुही के किरदार में नजर आईं थीं। ये वेब सीरीज भी अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई थी। इस शो के दो सीजन रिलीज हो चुके हैं। इससे पहले वे 'ककून' नाम की मिनी सीरीज में नजर आ चुकी हैं। वेब सीरीज 'राख' रिलीज हो चुकी है। यह सीरीज 1978 के कुख्यात रंगा-बिल्ला केस से प्रेरित है, जिसे भारत के सबसे खौफनाक अपराधों में गिना जाता है।

हॉलीवुड मसाला




# सबसे बड़े टक्कर की मिली झलक

लॉस एंजिल्स। मार्वल की अपकमिंग फिल्म 'अवेंजर्स: डूम्सडे' को लेकर एक बड़ा लीक सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 'अवेंजर्स: डूम्सडे' के इस क्लिप में एमसीयू के अब तक के सबसे बड़े क्रॉसओवर की झलक देखने को मिल रही है। वीडियो लीक होने के बाद जमकर वायरल हो रहा है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस लीक फुटेज में रॉबर्ट डाउनी जूनियर का डॉक्टर डूम एक विशाल सेंटिनल आर्मी के साथ नजर आ रहा है।



# जेंडाया-टॉम ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा...

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के मशहूर कपल जेंडाया और टॉम हॉलैंड अपनी नई फिल्म 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' के प्रमोशन के लिए स्पेन की राजधानी मैड्रिड पहुंचे हैं। वहां के 'फोर सीजन्स होटल' में आयोजित एक इवेंट में दोनों ने एक साथ एंट्री की। जेंडाया और टॉम हॉलैंड ने रेड कार्पेट पर ब्लैक रंग के मैचिंग कपड़ों में बेहद खूबसूरत पोज दिए। टॉम हॉलैंड ने काले रंग के सूट के साथ लाल शर्ट पहनी थी, जो उनके स्पाइडर-मैन लुक की याद दिला रही है। जेंडाया ने काले रंग की स्टाइलिश स्ट्रैपलेस ड्रेस पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने मैचिंग हील्स और खूबसूरत झुमके पहने। उनका हेयरस्टाइल और सिंपल मेकअप फैंस को काफी पसंद आ रहा है।



# करना पड़ा था बॉडी शेमिंग का सामना


मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित इन दिनों अपनी फिल्म 'मां बहन' में शानदार परफॉर्मेंस को लेकर खूब तारीफें बटोर रही हैं। इस बीच एक्ट्रेस ने अपने पुराने दिनों को याद कर बड़ा खुलासा किया है। 'मां बहन' फिल्म में उनका किरदार समाज की सोच और जजमेंट का सामना करता है, खासकर उनके स्लीवलेस ब्लाउज पहनने को लेकर। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में माधुरी ने अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें भी बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा था। माधुरी ने बताया कि एक पब्लिक फिगर होने के नाते लोगों की राय और कमेंट्स से बचना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा, 'जब मैंने करियर शुरू किया था, तब लोग कहते थे कि मैं बहुत पतली हूं। लोग कहते थे- इसको कुछ खिलाओ। लोग बहुत जल्दी जज कर लेते हैं।



# मलयालम सिनेमा में पहला कदम...

मुंबई। फिल्म 'ओडियन- द एज ऑफ इल्यूजन' का आधिकारिक ऐलान हो चुका है। इस फिल्म का पोस्टर जारी हुआ है, जिसे करण जौहर ने शेयर किया है। यह फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनेगी। इस तरह निर्माता का यह मलयालम सिनेमा जगत में पहला कदम है। बता दें कि 'ओडियन' में पृथ्वीराज सुकुमारन नजर आएंगे। फिल्म 'ओडियन' के निर्देशन की कमान राहुल सदाशिवन के कंधों पर हैं। वहीं, फिल्म में पृथ्वीराज के साथ मंजू वारियर अहम भूमिका में नजर आएंगी। करण जौहर ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। करण जौहर ने लिखा है, 'धर्मा मूवीज में हम मलयालम सिनेमा की दुनिया में अपना पहला कदम रख रहे हैं और मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमारे साथ इसके लिए सबसे अच्छे पार्टनर हैं'।

टीवी मसाला



# संचिता की मौत के बाद टीवी इंडस्ट्री पर फूटा आंचल का गुस्सा

नई दिल्ली। युवा अभिनेत्री संचिता उगले ने 14 जून को आत्महत्या कर ली। उन्होंने 'कुमकुम भाग्य', 'साजन घर' और 'दिलवाले दूल्हा ले जाएगी' जैसे कई चर्चित शो में काम किया था। संचिता की मौत के बाद एक्ट्रेस आंचल खुराना ने टीवी जगत पर नाराजगी जाहिर करते हुए कुछ सवाल किए हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में काम के दबाव और काम करने के तरीकों पर भी बात की। आंचल खुराना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से बीते दिन एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वे काफी परेशान नजर आईं। उन्होंने संचिता के निधन पर दुख जताते हुए टीवी इंडस्ट्री के काम के ऐसे ढर्रे का खुलासा किया, जिससे कलाकारों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। आंचल का कहना है कि टीवी जगत में अगर आप किसी को लाइन नहीं दे रहे तो आपको रिप्लेस करना वहां बहुत ही आसान है। आंचल वीडियो में कह रही हैं, 'एक एक्टर ने सुसाइड कर लिया। चैनल को टीआरपी चाहिए, प्रोड्यूसर को बजट बचाना है और दर्शकों को मनोरंजन चाहिए। लेकिन, इसके पीछे क्या आपने कभी सोचा है कि एक एक्टर किन हालातों से गुजरता है? एक छोटी सी बात पर रिप्लेसमेंट। किसी के साथ सोओगे नहीं तो रिप्लेसमेंट, किसी से बहस कर लोगे तो रिप्लेसमेंट। अपना आत्म-सम्मान बचाओगे तो रिप्लेसमेंट'। आंचल ने वीडियो के साथ कैप्शन लिखा है, हो सकता है कि इससे चैनल और प्रोड्यूसर नाराज हो जाएं, लेकिन सच तो यही है। मैं कैमरे के सामने मुस्कुराती हुई खड़ी रहती हूं, लेकिन अंदर एक तूफान चल रहा होता है। हर दिन हम अगले ऑडिशन, उस एक लाइन या अपने सपने को पाने की कोशिश में जागते हैं। जो चीज किसी को दिखाई नहीं देती। जिस पर कोई ध्यान नहीं देता, वह है हमारी थकान। प्रासंगिक बने रहने का दबाव और भुला दिए जाने का डर बहुत भारी पड़ता है।

## बिग बॉस 20 में धमाल मचाएंगे ये सितारे

नई दिल्ली। 'बिग बॉस 20' के साथ बॉलीवुड के 'भाईजान सलमान खान फिर से होस्ट की कुर्सी संभालने के लिए तैयार हैं। अभिनेता के 21 सितंबर से आने वाले सीजन की शूटिंग शुरू करने की संभावना है। बिग बॉस 20 को लेकर उत्साह बढ़ रहा है और कई ऐसे नाम सामने आ रहे हैं जो सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले इस शो के नए सीजन में कंटेस्टेंट के तौर पर दिख सकते हैं। नए सीजन में जिन नामों की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, उनमें फैसल शेख (मिस्टर फैसु), रिधिमा गुप्ता, अंजलि अरोड़ा, जन्नत जुबैर, आवेज दरबार और उर्फी जावेद शामिल हैं। अपनी जबरदस्त फैन फॉलोइंग की वजह से ये सभी ऑनलाइन चर्चाओं में पसंदीदा बने हुए हैं। एक तरफ जहां आवेज बिग बॉस के पिछले सीजन का हिस्सा रह चुके हैं वहीं उर्फी जावेद शो के पहले ओटीटी सीजन का हिस्सा थीं, इसलिए उनका वापस आना दर्शकों के लिए काफी रोमांचक होगा।



# दीपिका के बाहर होते ही कल्कि-2 में हुई आलिया की एंट्री...



मुंबई। कल्कि 2898 एडी के दूसरे पार्ट से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब आलिया भट्ट की एंट्री होने की खबर है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने इस फिल्म के लिए पहले से शूटिंग कर ली है। अगर ऐसा हुआ तो साई पल्लवी और आलिया एक ही फिल्म में नजर आएंगी। साल 2024 में प्रभास और दीपिका पादुकोण की फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आई थीं। फिल्म में उनके किरदार और काम को पसंद किया गया था। मेकर्स कल्कि का दूसरा पार्ट बना रहे हैं। कुछ समय पहले खबर सामने आई थी कि दीपिका इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गई है। मेकर्स ने दीपिका को रिप्लेस करते हुए साई पल्लवी को अपने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बताया था। अब ताजा खबरों की मानें तो आलिया भट्ट भी इस प्रोजेक्ट से जुड़ सकती हैं। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। सोशल मीडिया की कई रिपोर्ट्स की मानें तो कल्कि 2 से आलिया भट्ट का नाम जुड़ गया है। इउच रिपोर्ट में कहा गया है कि वो दीपिका को रिप्लेस कर रही हैं। वहीं कुछ के मुताबिक उनका रोल एकदम अलग और नया होगा। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने पहले फी फिल्म के लिए कुछ सीन शूट कर लिए हैं। इन सीन को शूट करने के लिए आलिया हैदराबाद गई थीं। अगर ये रिपोर्ट सही निकलीं तो आलिया भट्ट और साई पल्लवी एक ही फिल्म में नजर आएंगी। इस खबर पर आलिया भट्ट की तरफ से कोई पुष्टि नहीं है। लेकिन फिल्म कल्कि 2 से जुड़े एक शख्स ने हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत की। शख्स ने बताया कि इस खबर पर अभी कोई ऑफिसियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। किसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और सब वही कॉपी पेस्ट कर रहे हैं। आलिया की कास्टिंग को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं है। दीपिका पादुकोण के साथ से एक नहीं दो बड़ी फिल्में निकल गई।

# इटली की एक फिल्म पर 28 बार बन चुका है रीमेक, रोचक तरीके से दिखाती है कहानी...

*नई दिल्ली। फिल्म इंडस्ट्री में रीमेक फिल्मों का चलन कोई नया नहीं है। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड और साउथ सिनेमा तक, कई सफल फिल्मों को अलग-अलग भाषाओं और देशों में दोबारा बनाया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा बार रीमेक की जाने वाली फिल्म कौन सी है? इस रिकॉर्ड पर इटली की एक फिल्म का कब्जा है। इसे अब तक 28 बार अलग-अलग भाषाओं और देशों में रीमेक किया जा चुका है। फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसकी सरल लेकिन गंभीर कहानी है। ये फिल्म आधुनिक दौर में मोबाइल फोन, पर्सनल लाइफ और रिश्तों के कॉम्प्लिकेशंस को बेहद रोचक तरीके से दिखाती है।*

## कौन-सी है ये फिल्म?

इस फिल्म का नाम है 'परफेक्ट स्ट्रेंजर्स', जो 2016 में रिलीज हुई थी। ये एक कुछ पुराने दोस्तों की कहानी है, जो एक डिनर पार्टी में मिलते हैं। बातचीत के दौरान सभी दावा करते हैं कि उनकी जिंदगी में कोई राज नहीं है और वे एक-दूसरे से कुछ नहीं छिपाते. इसी दावे को परखने के लिए वे एक खेल खेलते हैं। खेल के नियम के मुताबिक, सभी को अपने मोबाइल फोन टेबल पर रखने होते हैं और आने वाले हर कॉल, मैसेज और नोटिफिकेशन को सबके सामने शेयर करना होता है। इसके बाद एक-एक करके ऐसे राज सामने आते हैं, जो उनकी दोस्ती, रिश्तों और पर्सनल लाइफ को झकझोर देते हैं।



*बॉलीवुड में भी बन चुका है रीमेक : इस फिल्म की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका हिंदी रीमेक भी बनाया जा चुका है। अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में इसी कहानी पर आधारित थी। हालांकि, ओरिजिनल इटैलियन फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से ज्यादा सराहना मिली। जहां ओरिजिनल फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.7 रही, वहीं हिंदी वर्जन को इसकी तुलना में कम रेटिंग मिली है।*

## आखिर क्यों इतनी बार बनी रीमेक?

परफेक्ट स्ट्रेंजर्स की कहानी यूनिवर्सल है। रिश्ते, दोस्ती, विश्वास और छिपे हुए राज जैसी बातें दुनिया के हर समाज में लोगों को जोड़ती हैं। इसके अलावा फिल्म का बजट भी काफी कम है। ज्यादातर कहानी एक ही लोकेशन पर आधारित है और इसमें बड़े एक्शन या महंगे सेट्स की जरूरत नहीं पड़ती. यही वजह है कि अलग-अलग देशों के मेकर्स इसे अपने स्थानीय दर्शकों के हिसाब से आसानी से ढाल लेते हैं।

## कुछ हुई हिट तो कुछ को नहीं मिला ऑडियंस

# इन फिल्मों में पत्नी ने पति को धोखा देकर गैर मर्दों से चलाया अफेयर

*नई दिल्ली। हम फिल्मों में अक्सर देखते है कि हीरो-हीरोइन प्यार में इस कदर पागल होते होते हैं कि एक-दूसरे को पाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते है। यही नहीं, वो अपने प्यार के लिए परिवार और समाज से भी लड़ जाते हैं। लेकिन तब क्या हो जब उनका प्यार ही बेवफा हो जाए। हिल गए न दिमाग के तार। जी हां आज, हम आपको ऐसी ही फिल्मों और सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें एक पत्नी ने अपने पति के पीठ पीछे गैर मर्द संग अफेयर चलाया।*



### कभी अलविदा ना कहना

'कभी अलविदा ना कहना' साल 2006 में रिलीज हुई थी। करण जौहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा, अभिषेक बच्चन और शाहरुख खान लीड रोल में थे। रानी का फिल्म में शाहरुख खान संग अफेयर हो जाता है। इसे आप नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### मर्डर

2004 में रिलीज हुई 'मर्डर' एक प्रसिद्ध बॉलीवुड इरॉटिक थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन अनुराग बसु ने किया था। फिल्म में दिखाया गया कि कि मल्लिका अपने बिजी पति से परेशान होकर अपने एक्स बॉयफ्रेंड से फिर से चक्कर चलता है। इसे आप फ्री में नेटफ्लिक्स और प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### रुस्तम

साल 2016 में आई अक्षय कुमार की फिल्म 'रुस्तम' की कहानी 1959 के चर्चित के.एम. नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य के वास्तविक जीवन के मर्डर केस और देश की सुरक्षा से जुड़े एक घोटाले पर आधारित है। इस फिल्म में अक्षय एक नेवी ऑफिसर होते हैं। वहीं, उनकी पत्नी सिंथिया (इलियाना डिक्रूज) का अफेयर किसी और से हो जाता है। इस सस्पेंस और कोर्टरूम ड्रामा फिल्म को आप फ्री में जी5 पर देख सकते हैं।

### ऐतराज

बॉलीवुड की हिट फिल्मों में 'ऐतराज' का नाम शामिल है। साल 2004 में आई 'ऐतराज' एक रोमांटिक साइको थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा और करीना कपूर लीड रोल में हैं। मूवी में अक्षय कुमार के लिए प्रियंका पति अमरीश पुरी को धोखा देती हैं। इसे आप फ्री में जी5 और यूट्यूब पर देख सकते हैं। पुरी को धोखा देती हैं।

### हसीन दिलरुबा

'हसीन दिलरुबा' साल 2021 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। कहानी रानी (तापसी पन्नू) और उसके पति ऋषभ उर्फ 'रिशु' (विक्रांत मैसी) के इर्द-गिर्द घूमती है। मूवी में दिखाया गया कि रानी का अफेयर रिशु के चचेरे भाई नील (हर्षवर्धन राणे) के अफेयर में पड़ जाती है। इसके बाद होती है नील की हत्या का कांड। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### सिलसिला

यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित साल 1981 की क्लासिक फिल्म 'सिलसिला' लव ट्रायंगल पर बनी है। इस मूवी में अमिताभ बच्चन, रेखा, जया बच्चन और संजीव कुमार लीड रोल हमें थे। फिल्म में दिखाया गया था कि रेखा अपने पति संजीव को और अमिताभ अपनी पत्नी जया को धोखा देकर एक-दूसरे से चक्कर चलतो हैं। एक हिट फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ब्लैकमेल

इरफान खान की 'ब्लैकमेल' साल 2018 में रिलीज हुई एक बेहतरीन डार्क-कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसकी कहानी देव कौशल (इरफान खान) नाम के एक सामान्य, मिडिल-क्लास आदमी की है, जो अपनी नीरस जिंदगी और ईएमआई के बोझ से परेशान रहता है। देव एक दिन अपनी पत्नी रीना (कीर्ति कुल्हारी) को सरप्राइज देने के लिए जल्दी घर लौटता है। वहाँ उसे पता चलता है कि रीना का रणजीत (अरुणोदय सिंह) नाम के एक शादीशुदा आदमी के साथ अफेयर चल रहा है। इसके बाद शुरू होता है ब्लैकमेलिंग का गंदा खेल। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### द फैमिली मैन

'द फैमिली मैन' एक हिट सीरीज रही है। इसके पहले सीजन में दिखाया गया कि पैसे कमाने और काम के चले मनोज वाजपेयी अपनी पत्नी सुची को टाइम नहीं देते हैं। ऐसे में वो प्यार और सहारे के लिए किसी और के पास नहीं बल्कि अपने ही बॉस के करीब हो जाती है। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।